ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 5, अंक 202, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली · एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 15
वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 16







## सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए। आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।

## लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम


### मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि, मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

### मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

**अयोध्या।** रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है।

### ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है।

### जिलहिज्ज का चांद दिखा बकरीद 17 को मनेगी

**लखनऊ।** शुक्रवार को इस्लामी महीने जिलहिज्ज का चांद हो गया है। पहली जिलहिज्ज 8 जून को होगी और ईद-उल-अजहा (बकरीद) 17 जून को मनाया जाएगा। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने चांद के संबंध में एलान किया है। मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल की बैठक कमेटी के अध्यक्ष खालिद रशीद की अध्यक्षता में हुई जिसमें चांद देखे जाने की तस्दीक की गई।

# मोदी प्रधानमंत्री मनोनीत

## राष्ट्रपति ने दिया सरकार बनाने का न्योता

### शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।



राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### सरकार बहुमत से और देश सर्वमत से चलता है: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह अगली सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राजग सत्ता पाने के लिए किया गया कुछ दलों का गठबंधन नहीं है, बल्कि यह 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध एक स्वाभाविक गठबंधन है। भाजपा नेतृत्व वाले राजग की ओर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए नेता चुने जाने के बाद मोदी ने कहा कि अगले कार्यकाल में उनकी सरकार अगले 10 साल में सुशासन, विकास, जीवन की गुणवत्ता और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने दावा किया कि राजग जीत पचाना अच्छी तरह जानता है। मोदी ने कहा कि अगर हम गठबंधन के इतिहास में संख्या के लिहाज से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। मोदी ने केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

### जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

### क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

## नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांठू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

### नौ जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड




**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

## आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला

# इरफान सोलंकी समेत 5 को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सजा के बाद इरफान सोलंकी का चला जाएगा विधायक पद
- सभी आरोपियों पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार :** जाजमऊ थानाक्षेत्र में आगजनी केस में शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने करीब 350 पन्नों का जजमेंट दिया। चार बार के सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। सजा के बाद अब इरफान सोलंकी का विधायक पद भी चला जाएगा। सपा विधायक के अधिवक्ता ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनी, शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को 7 साल की सजा सुनाई।

### हम अखिलेश के साथ थे और साथ ही रहेंगे

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर रिजवान सोलंकी ने कहा कि हम लोग बेगुनाह हैं। हम अखिलेश यादव के साथ थे और उनके साथ ही रहेंगे। हम लोगों से जिस तरह से 30 साल की विधानसभा सीट छीनने का काम किया जा रहा है, उसमें कोई कामयाब नहीं होगा। मुझे अल्लाह की तरफ से इंसाफ मिलेगा, हम सभी हाईकोर्ट से बरी होंगे। रिजवान ने कहा कि ये फर्जी मुकदमा है, हमने केडीए से प्लॉट लिया था, क्या केडीए सरकारी संस्था नहीं है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।



## गुरुद्वारा के सामने फिर लगाया भिंडरावाला का पोस्टर, एसडीएम से वार्ता के बाद हटाया

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- अब गुरुद्वारे के सामने लगाया दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर
- गुरुद्वारा में कार्यक्रम के बाद एकत्र हुई संगत, कोतवाली में घंटों डेरा डाले रहे एएसपी

> तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। जिसकी विवेचना कराई जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस बल की तैनाती की गई है। अब वहां पर भिंडरावाला का पोस्टर नहीं लगा है। – **विक्रम दहिया**, एएसपी

**अमृत विचार :** रूरिया गुरुद्वारे के सामने फिर से भिंडरावाला का पोस्टर लगा दिया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में बड़ी संख्या में संगत पहुंची थीं। उधर, एएसपी कोतवाली पूरनपुर में घंटों डेरा जमाए रहे। दोपहर में एसडीएम से वार्ता के बाद भिंडरावाला का पोस्टर हटाकर दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर लगा दिया।

पूरनपुर खुटार मार्ग पर रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा हुआ था। पुलिस प्रशासन ने पोस्टर हटाने के निर्देश दिए थे जिसको लेकर सिख समाज में भारी नाराजगी थी और वे पोस्टर न हटाने पर अड़े थे। बुधवार रात गुरुद्वारा के बाहर से पोस्टर हटा दिया गया। जानकारी होने पर सिख समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को रूरिया गुरुद्वारा में 1984 दंगे के शहीदों की याद में कार्यक्रम किया गया। उसके बाद संगत ने गुरुद्वारा के बाहर फिर से जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा दिया।

माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए एएसपी विक्रम दहिया कई थानों की फोर्स के साथ कोतवाली में डटे रहे। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी और खुफिया एजेंसी के कर्मी गुरुद्वारा के आसपास नजर बनाए रहे। दोपहर में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला गुरुद्वारा पहुंचे और कमेटी के लोगों से वार्ता की। इसके बाद कमेटी के लोगों ने भिंडरावाला का पोस्टर हटाकर दमदमी टकसाल के पहले गुरु बाबा दीप सिंह का पोस्टर लगा दिया।

## टैंकर की टक्कर से कार सवार रिटायर दरोगा समेत दो की मौत

- बेटी की दवा लेने शाहजहांपुर आ रहे थे, दो बेटियां गंभीर घायल

**कुर्रिया कला/कांट (शाहजहांपुर)।** कांट रोड पर टैंकर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार सवार सेवानिवृत्त दरोगा व चालक की मौत हो गई। उनकी दो बेटियां गंभीर घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जलालाबाद के मोहल्ला बारह पत्थर निवासी सेवानिवृत्त दरोगा रामपाल श्रीवास्तव (68) की पुत्री मोनिका श्रीवास्तव की तबीयत खराब थी। वह शुक्रवार की सुबह उसे दवा दिलाने कार से शाहजहांपुर आ रहे थे। बड़ी बेटी अलका भी साथ थी। कार मोहल्ले का ही सौरभ (22) चला रहा था। कांट रोड पर जमुनिया गांव के सामने टैंकर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे चारों घायल हो गए। टैंकर चालक भाग गया। कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिपाहियों के साथ पहुंचे और कार का दरवाजा तोड़कर सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां सेवानिवृत्त दरोगा और कार चालक को मृत घोषित कर दिया। मोनिका व अलका को भर्ती कर लिया गया।

## मानहानि के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत



**बेंगलुरू।** भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था।

## तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

### 1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।



- मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

### यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हार विक्रेता के घर हुई चोरी की घटना को पुलिस मान रही संदिग्ध

संवाददाता, पूरनपुर

- मोहल्ला रजागंज का मामला, 1.15 लाख कैश, नोटों के हार चोरी किए

**अमृत विचारः** हार विक्रेता के घर में घुसकर चोर एक लाख से अधिक की नकदी और अलमारी में रखे नोटों के हार समेट ले गए। आहट पर जागे विक्रेता ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन असफल रहे। पुलिस घटना को संदिग्ध मान जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला रजागंज देहात क्षेत्र के रहने वाले वसीम रजा पुत्र नसीर अहमद ने बताया कि वह नोटों के हार बनाकर बिक्री करते हैं। गुरुवार रात वह खाना खाकर सो गए। देर रात करीब ढाई बजे चोर उनके घर में घुस गया। कमरे में रखें 1.15 लाख रुपये और 55 हजार के नोटो के हार चोरी कर लिए। आहट होने पर वह जागे और अज्ञात व्यक्ति घर में देख होश उड़ गए। चोर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह छूट कर भाग गया। शोर होने पर आस पड़ोस के लोग जमा हो गए। गलियों में चोर को तलाशा लेकिन नहीं मिल सका। पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार कुमार ने बताया कि हार विक्रेता घटना को लेकर सही बात नहीं बता पा रहा है। इससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### गजरौला के लालपुर की रहने वाली है किशोरी को चार दिन पहले गंभीर हालत में परिजनों ने भर्ती कराया था मेडिकल कॉलेज

# दवा की जगह खाया जहर...मेडिकल कॉलेज में इलाज से बची जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेडिसिन विभाग की सूझबूझ से बची जान, आईसीयू वार्ड खुलवाने को डॉक्टर ने की थी जद्दोजहद

**अमृत विचार :** जिन के मज़बूत इरादे बने पहचान उन की मंज़िलें आप ही हो जाती हैं आसान... यह पंक्तियां मेडिकल कॉलेज के डॉ. रवि राय और उनकी टीम पर सटीक साबित हो रही हैं। उन्होंने अपने डॉक्टरी के बेहतर अनुभव और मजबूत इरादे के बल पर जहरीला पदार्थ खाकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से रेफर की जा रही 13 साल की किशोरी को न सिर्फ रोका बल्कि उसका इलाज कर जान बचाई। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है।

गजरौला थाना क्षेत्र के लालपुर गांव की रहने वाली 13 वर्षीय ज्योति को पेट में दर्द की शिकायत हुई। तीन जून को ज्योति ने गलती से ईनो की जगह एक जहरीला पदार्थ खा लिया। जब ज्योति की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। जांच में पता चला कि ज्योति ने ईनो की जगह कोई



मेडिकल कॉलेज में भर्ती किशोरी के साथ मौजूद डॉ. रवि, डॉ. मनीष, डॉ. रमाकांत सागर।

जहरीला पदार्थ खा लिया है। मौके पर मौजूद ईएमओ डॉ. सूरज पांडेय पहले उसे रेफर करने लगे। लेकिन बाद में जनरल मेडिसिन विभाग के सीनियर रेसिडेंट डॉ. रवि राय को कॉल कर बुलाया गया।

डॉ. रवि राय ने क्लीनिक टेस्ट के बाद ऑर्गेनोफोस्फेट प्वाइजनिंग की पुष्टि की। मरीज का बीपी लगातार गिरते हुए 50 व ऑक्सीजन लेवल 54 तक पहुंच गया। जिस पर अन्य लोग उसे रेफर करने की बात कहने लगे। मगर सीनियर रेसिडेंट डॉ.रवि राय और जनरल मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनीष ने उसे रेफर करने से इनकार कर दिया और आईसीयू वार्ड खोलने के लिए कहा।

काफी देर आईसीयू को खोलने को लेकर अस्पताल प्रशासन के साथ जद्दोजहद करना पड़ी। तब जाकर वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रमाकांत सागर की मौजूदगी में उसे भर्ती कर वेंटिलेटर स्पोर्ट पर इलाज दिया गया। करीब चार दिन आईसीयू में रखने के बाद उसे जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज स्वस्थ है व खतरे से बाहर है। शनिवार को डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ प्रह्लाद, देवेंद्र, रोली आदि का सहयोग रहा। डॉ. रवि ने बताया कि इस तरह के केस में अगर तत्काल बेहतर इलाज मिल जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। इधर, किशोरी के ठीक होने के बाद परिवार वालों ने पूरी टीम का आभार जताया।

# 399 बूथों में 15 पर हाथी चला तो 118 में दौड़ी साइकिल...बाकी पर खिला कमल

### कभी बसपा प्रत्याशी फूलबाबू का गढ़ मानी जाती थी विधानसभा, इस बार मतदाताओं ने नकारा, 32 बूथों पर नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

**बीसलपुर विधानसभा**

वैभव शुक्ला, पीलीभीत



जितिन प्रसाद।



भगवत सरन



अनीस अहमद खां

- बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को मिली 30610 मतों से बढ़त

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी और वरुण गांधी का गढ़ मानी जाने वाली पीलीभीत सीट पर इस बार दोनों ही चुनाव मैदान में नहीं थे। जिससे चुनावी मुकाबला और रोचक रहा। भाजपा की ओर से यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने चुनाव लड़ा और 164395 मतों से जीत दर्ज कराई। जबकि सपा के भगवत सरन गंगवार 442223 वोट पाकर दूसरे स्थान और बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 88697 वोट पा सके और जमानत भी नहीं बचा पाए। चुनावी नतीजों पर विधानसभा से लेकर बूथ वार मंथन की तैयारी भी राजनीतिक दलों में चल रही है। माना जा रहा है कि इसका असर आगामी दिनों में संगठन स्तर पर दिखाई भी देगा।

लोकसभा चुनाव 2024 में बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के गढ़ के रुप में इसकी पहचान पूर्व में रही है। वह यहां से विधायक ही नहीं बसपा सरकार रहते मंत्री भी बन चुके हैं। मगर, लोकसभा चुनाव में ये उनकी चौथी हार रही। भाजपा को बीसलपुर क्षेत्र में सर्वाधिक 105364 वोट मिला। जबकि सपा 74754 और बसपा 27347 मत ही पा सकी। कुल 399 बूथों पर मतदान में बसपा महज 15 बूथों पर ही आगे रही। इनमें 32 बूथ ऐसे थे, जहां पर फूलबाबू दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। प्राथमिक विद्यालय बरखेड़ा कक्ष संख्या एक बूथ पर बसपा को 9 वोट मिले।

प्राथमिक विद्यालय टिहुलिया कक्ष संख्या एक में 4, प्राथमिक विद्यालय भगवंतपुर करोड कक्ष संख्या एक में 01 वोट, प्राथमिक विद्यालय कंधरपुर कक्ष संख्या एक में 04, उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसटा जलालपुर कक्ष संख्या एएक में 06, प्राथमिक विद्यालय मुड़िया करोड़ कक्ष संख्या एक में 05, सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज अमृता खास कक्ष संख्या एक बूथ पर 08, प्राथमिक विद्यालश् मीरपुर ग्रंट कक्ष संख्या एक में 04, बौनी कक्ष संख्या एक में 04, प्राथमिक विद्यालय खरगपुर कक्ष संख्या एक में 04, प्राथमिक विद्यालय दियोरियाकलां कक्ष संख्सर एक में 05, नीवाडांडी कक्ष संख्या एक में 02, गोवलपतिपुरा कक्ष संख्या एक में 09, वीरसिंहपुर कक्ष संख्या एक बूथ पर 01, बिहारीपुर हीरा कक्ष संख्या दो बूथ पर 07, अमरा करोड़ कक्ष संख्या दो बूथ पर 08, प्राथमिक विद्यालय लभौआ कक्ष संख्या एक में 06, बेनीपुर कक्ष संख्या एक बूथ पर 08, मकरंदपुर रोशन सिंह कक्ष संख्या एक बूथ पर 09, किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर कक्ष संख्या एक में 07, खुटरायां कक्ष संख्सा एक में 09, नवदिया कक्ष संख्या एक में 04, प्राथमिक विद्यालय मन्निया कक्ष संख्या एक बूथ पर 07, सिमरौली कक्ष संख्या दो में 05, सौंधा कक्ष संख्या दो बूथ पर 07, पैनिया हिम्मत कक्ष संख्या दो बूथ पर 09 वोट ही मिले।

इसी तरह से जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज मोहल्ला दुर्गाप्रसाद कक्ष संख्या चार बूथ पर 04, एसआरएम इंटर कॉलेज कक्ष संख्या दो बूथ पर 05, इसी जगह कक्ष संख्या तीन बूथ पर 08, कच संख्या चार बूथ पर 06, एसआरएम इंटर कॉलेज मोहल्ला बाजार कटरा कक्ष संख्या पांच बूथ पर 09, जादौपुर नथा कक्ष संख्या एक बूथ पर 08 वोट बसपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां को प्राप्त हुआ। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार की बात करें तो उन्हें भी इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के जितिन प्रसाद से हार मिली। अंतर भी तीस हजार के पार रहा। मगर 118 बूथ ऐसे रहे, जिनमें वह भाजपा-बसपा दोनों से आगे रहे।

### पुरैना में सबके खाते निल..चार बूथों पर भाजपा को नहीं मिला दहाई का आंकड़ा

बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र का एक गांव ऐसा भी रहा, जहां भाजपा, सपा बसपा समेत समस्त 10 प्रत्याशियों के खाते ही नहीं खुले। सभी को शून्य वोट मिला। यहां क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर मतदान का बहिष्कार ग्रामीणों ने किया था। खास बात थी कि मतदान करना तो दूर की बात कोई ग्रामीण प्रत्याशी का एजेंट तक नहीं बना था। इसके अलावा चार ऐसे बूथ रहे, जिनमें भाजपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय रिछौला सबल कक्ष संख्या एक बूथ पर सपा को 377, बसपा को 73 जबकि भाजपा को सिर्फ 08 वोट मिले। आजाद इंटर कॉलेज मीरपुर वाहनपुर कक्ष संख्या चार बूथ पर तो भाजपा को 02 वोट मिले जबकि सपा को 351, बसपा को 129 मत पड़े। गन्ना सहकारी समिति ग्यासपुर कक्ष संख्या एक में भाजपा को 08, जबकि सपा को 286 और बसपा को 167 मत पड़े। इसी तरह से उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला ग्यासपुर कक्ष संख्या दो बूथ पर भाजपा 09 वोट पा सकी। यहां बसपा को 219 जबकि सपा को 207 मत पड़े।

### बीसलपुर विधानसभा में 10 प्रत्याशियों को मिले वोट

| | | | |
|---|---|---|---|
| जितिन प्रसाद : (भाजपा) : | 105364 | आदर्श पांडेय (निर्दलीय) : | 359 |
| भगवत सरन गंगवार (सपा गठबंधन) : | 74757 | आशीष कुमार (निर्दलीय) : | 363 |
| अनीस अहमद खां (बसपा) : | 27347 | प्रमोद भाई पटेल उर्फ पीके (निर्दलीय) : | 320 |
| राजीव कुमार सक्सेना (भारतीय कृषक दल) : | 727 | मोहम्मद शाहिद हुसैन (निर्दलीय) : | 404 |
| संजय कुमार भारती (राष्ट्रीय समाज दल) : | 352 | सुशील कुमार शुक्ला (निर्दलीय) : | 602 |
| | | नोटा : | 1388 |

### बसपा इन 15 बूथों पर रही आगे

| बूथ | बसपा को मिले वोट |
|---|---|
| उच्च प्राथमिक विद्यालय चुर्रासकतपुर कक्ष संख्या एक | 370 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय अभयपुर चैना नकटी कक्ष संख्या दो | 389 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहिचा कक्ष संख्या दो | 233 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय रंपुरा नगरिया (नौगवां) कक्ष संख्या में एक | 182 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय घुंघौरा कक्ष संख्या एक | 283 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया तिलागिरी कक्ष संख्या एक | 280 |
| प्राथमिक विद्यालय मलकापुर कक्ष संख्या एक | 217 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय घनश्यामपुर कक्ष संख्या एक | 559 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर ताल्लुके करेली कक्ष संख्या एक | 242 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्यासपुर कक्ष संख्या दो | 219 |
| प्राथमिक विद्यालय हबीबुल्ला खां जनूबी कक्ष संख्या दो | 491 |
| संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या एक | 224 |
| संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या दो | 187 |
| क्रय विक्रय सहकारी समिति हबीबुल्ला खां जनूबी | 291 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय जिला परिषद ग्यासपुर कक्ष संख्या तीन | 211 |

## हादसे में चला गया दाहिना पैर, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** सड़क हादसे में युवक ने दाहिना पैर गवां दिया। उसके इलाज में परिजनों का काफी पैसा खर्च हुआ। इधर, इस मामले में छह महीने के बाद बाद घायल की पत्नी ने ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव सरौरा की रहने वाली कृष्णा देवी ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 जनवरी 2024 को पति मुकेश पाल निजी काम से घर से बाहर गए थे। वह दोपहर करीब डेढ़ बजे बाइक से घर वापस लौट रहे थे। उसके मुताबिक देवहा नदी पुल के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे बेकाबू हुए ट्रक ने बाइक में जोरदार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज में काफी पैसा लगा। लेकिन हादसे में उन्होंने अपना दाहिना पैर खो दिया। जिससे परिवार के पालन पोषण में अब दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# सीसीटीवी की निगरानी में दो केंद्रों पर कल दो पालियों में होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- प्रशासन ने शहर के ड्रमंड कॉलेज और राम इंटर कॉलेज में बनाए हैं परीक्षा केंद्र, तैयारियां पूरी
- 799 अभ्यर्थी पंजीकृत, शिक्षक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की केंद्रों पर लगाई ड्यूटी

**अमृत विचार :** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। शिक्षा विभाग की ओर से यह परीक्षा नौ जून को प्रस्तावित की गई है। इसके लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दो पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। जिसमें 799 अभ्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को लेकर जिले से केंद्रों की सूची विश्वविद्यालय को भेज दी गई। साथ ही परीक्षकों की ड्यूटी का निर्धारण कर ली गई है। परीक्षा को संपन्न कराने के लिए करीब 65 शिक्षक लगाए गए हैं।

जिले में इस बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 करने के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें ड्रमंड राजकीय

> बीएड प्रवेश परीक्षा कराने के लिए आदेश मिले थे। शासन के निर्देश पर जिले में दो केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिए शिक्षकों की सूची तैयार की जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।
> – **गिरजेश कुमार चौधरी**, डीआईओएस

इंटर कॉलेज और सनातन धर्म बांके बिहारी रामा इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कुल 799 अभ्यार्थी पंजीकृत हैं।इनमें 400 ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और 399 रामा इंटर कॉलेज में परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा से निर्धारित समय से एक घंटा पहले केंद्र पर प्रवेश मिलना शुरू होगा। इसको सकुशल संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा पूरी जिम्मेदारी से जुटा है। परीक्षा केंद्र से दो सौ मीटर के दायरे में कोई भी फोटो स्टेट और कॉपी किताबों की दुकानें नहीं खुलेंगी। किसी भी अभ्यर्थी को पानी की बोतल के अलावा कोई भी सामान अंदर ले जाने नहीं दिया जाएगा। सघन चेकिंग करने के बाद ही उन्हें केंद्र के गेट से एंट्री मिलेगी। परीक्षा कराने के लिए 24 बच्चों पर एक शिक्षक तैनात रहेगा। इस हिसाब से करीब 65 शिक्षक ड्यूटी करेंगे। बीएड के पेपर ले जाने के लिए दो केंद्र प्रतिनिधि नियुक्ति किए जाएंगे,जोकि एसडीएम स्तर के होंगे। इसके अलावा एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

### केंद्रों के निरीक्षण को टीमें गठित की

बीएड प्रवेश परीक्षा में शिक्षक और पर्यवेक्षकों के अलावा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। सभी केंद्रों पर पुनः सीसीटीवी कैमरे, राउटर, वाइस रिकॉर्डर को भी चेक किया जा रहा है। ताकि किसी भी तरह से नकल न हो सके। समस्त केंद्र मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम से जोड़े गए है। अफसर सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी निगरानी करेंगे। केंद्र पर औचक निरीक्षण करने के लिए भी टीमें बनाई हैं।

## पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी को मिली 20 साल की सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट डा. शिवा पांडेय ने जुर्माना भी लगाया
- अर्थदंड की 20 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने का आदेश

**अमृत विचारः** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम डा.शिवा पांडेय ने छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। कोतवाली दियूरियाकलां क्षेत्र के रहने वाले आरोपी सियाराम को पॉक्सो अधिनियम का दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि बतौर प्रतिपूर्ति पीड़िता को दिए जाने का आदेश भी न्यायालय ने दिया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली दियूरियाकलां में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 13 अक्टूबर 2020 को वह मजदूरी करने गया था। कुछ दिन पहले ही आरोपी सियाराम के यहां मजदूरी की थी। वादी की छह साल की पुत्री शाम करीब पांच बजे आरोपी के यहां देखने पहुंची। आरोपी ने वादी की बेटी को घर के अन्दर बुलाकर छेड़छाड़ की। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी सियाराम के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने आरोपी के विरूद्ध छह अप्रैल 2022 को आरोप विरचित किए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम/अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. शिवा पांडेय की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त न्यायालय ने आरोपी सियाराम को पॉक्सो अधिनियम का दोषी पाते हुए 20 वर्ष कैद और 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।




JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## अग्निवीर बन लौटे युवक का ढोल नगाड़ों से किया स्वागत



अग्निवीर बने राहुल का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** किसान का पुत्र अग्निवीर बनकर ट्रेनिंग के बाद पहली बार आर्मी की वेशभूषा में गांव पहुंचा तो उसका ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव चंदोखा के राहुल वर्मा पुत्र भगवान दास वर्मा शुरुआत से देशसेवा को फौज में जाना चाहते थे। इसे लेकर तैयारी भी लंबे समय से कर रहे थे। उनके पिता खेती करते हैं। अग्निवीर के तहत आर्मी में भर्ती होने के बाद पहली बार राहुल वर्मा गांव शुक्रवार को गांव पहुंचे।इस पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। फूल माला पहनाकर स्वागत हुआ। इस मौके पर निशांत बाजपेई, निखिल बाजपेई, राजेश यादव, प्रधानाध्यापक हर्षित सिंह ठाकुर, विशाल सिंह, संजय वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रामकुमार वर्मा, हरिओम राठौर, भुवनेश राठौर, रवि वर्मा, शिव कुमार वर्मा, महेश वर्मा, इतवारी लाल वर्मा, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गन्ने की फसल का सर्वे नहीं होने से किसानों में रोष

संवाददाता, पूरनपुर

- ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के गांव राहुल राहुल नगर के किसानों ने एसडीएम से की शिकायत

**अमृत विचारः** कटान पीड़ित पट्टेदारों को खेती के लिए दी गई जमीन में गन्ने की फसल खड़ी है। इसके बावजूद गन्ना विभाग ने फसल का सर्वे नहीं कराया, जिससे किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में समस्या होगी। किसानों ने एसडीएम से गन्ने की फसल का सर्वे करने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के गांव राहुल नगर के किसान शुक्रवार को पूरनपुर तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को दिए पत्र में कहा कि 79 पट्टेदारों की जमीन गत वर्ष शारदा नदी की बाढ़ में समा गई थी। राजस्व विभाग की ओर से पैमाइश कर उन किसानों को जीवन यापन के लिए दूसरी जमीन पर खेती-बाड़ी के लिए कब्जा दिलाया गया था। जमीन मिलने पर किसानों ने उन खेतों में फसलों की बुवाई कर दी। कई किसानों के खेतों में गन्ने की फसल खड़ी हुई है। आरोप है कि उक्त जमीन में खड़ी गन्ने की फसल का गन्ना विभाग द्वारा सर्वे नहीं किया गया। इससे किसानों को भविष्य में गन्ना आपूर्ति के लिए पर्चियों की समस्या हो सकती है।

सर्वे कार्य में भी महज चार दिन का समय शेष बचा है। इसके बाद सर्वे के अभाव में किसान गन्ने की फसल की आपूर्ति नहीं कर पाएंगे। किसानों ने एसडीएम को पत्र देकर गन्ना विभाग द्वारा फसल की सर्वे करने की मांग की है। इस मौके पर ग्राम प्रधान बासुदेव कुंडू, प्रवीर सरकार, दिलीप बैरागी, शंकर राय, सनातन वैध आदि किसान मौजूद रहे।



गन्ना किसानों की बस को रवाना कराते यूनिट हेड व अन्य। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए 50 गन्ना किसान

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड व गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा की ओर से गन्ना उत्पादक किसानों का एक दल प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के लिये रवाना हुआ। यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू ने हरी झंडी दिखाकर सभी को रवाना किया। गन्ना विकास परिषद क्षेत्र के 50 गन्ना किसानों को शोध परिषद शाहजहांपुर में वैज्ञानिकों की ओर से गन्ने की उन्नत खेती, सामयिक कार्य, गन्ना फसल में रोग एवं कीट प्रबन्धन, सिचाई प्रबन्धन, मिट्टी चढ़ाई, गन्ना बंधाई आदि विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्याहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बरखेड़ा शुगर मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना सुबोध गुप्ता समेत अन्य अफसर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY



ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray
Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# चोरी करने का काम करते हो, काम संभलता नहीं...तनख्वाह तो मिलती है ना

## फरियादियों संग पूर्ति कार्यालय पहुंचे बरखेड़ा विधायक का जिला पूर्ति अधिकारी के नहीं मिलने पर चढ़ा पारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में फरियादियों की अनदेखी और अपात्रों को लाभान्वित करने की शिकायतों पर टालमटोल का पता लगते ही भाजपा के बरखेड़ा विधायक जयद्रथ उर्फ स्वामी प्रवक्तानंद का पारा चढ़ गया। वह फरियादियों के साथ जानकारी करने कलेक्ट्रेट पहुंचे तो पूर्ति अधिकारी नदारद थे। जिन पर चार्ज होना बताया गया वह भी गैरहाजिर थे। अन्य कर्मचारी भी आपसी गपशप में मशगूल थे। इस पर विधायक ने जमकर नाराजगी जताई। आम जनमानस को चक्कर लगवाने के साथ ही भ्रष्टाचार के भी आरोप लगा दिए। डीएम से दूरभाष पर वार्ता करके जल्द विभागीय अधिकारियों संग बैठक कराने को कहा ताकि व्यवस्था का सुधार कराया जा सके। विधायक के तल्ख तेवरों के देख मौजूदा कर्मचारियों की धड़कनें बढ़ी रही। फिर आनन-फानन में विधायक के साथ गए फरियादियों की सुनवाई शुरू करा दी गई है।



डीएसओ के नदारद मिलने पर सवाल जवाब करते विधायक स्वामी प्रवक्तानंद।



विधायक की नाराजगी के बाद फरियादियों को सुनते मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

● पूर्ति कार्यालय में डीएम से फोन पर वार्ता कर कराया वास्तविक स्थिति से अवगत कर्मचारियों के लापरवाह रवैये पर जताई नाराजगी

घटनाक्रम शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे का है। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय में पहुंचे थे। उनके साथ कुछ फरियादी भी थे। विधायक के अनुसार उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थी कि पूर्ति विभाग में अपात्रों को लाभान्वित करके पात्रों की अनदेखी की जा रही है। भ्रष्टाचार के चलते सही मामलों को भी टरकाया जा रहा है। एक-एक राशन कार्ड बनवाने के लिए पात्र लोगों को चक्कर लगाना पड़ रहे, जबकि अपात्र घर बैठे लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यालय में पहुंचते ही जिला पूर्ति अधिकारी की कुर्सी खाली मिली। कुछ कर्मचारी आपस में गपशप कर रहे थे। पूछने पर पता चला कि साहब तो अवकाश पर गए हैं। जब ये पूछा कि जिन्हें चार्ज दे गए वो कहां है..? इस पर जवाब मिला वो शायद फील्ड पर गए हैं। यह सुन विधायक का पारा चढ़ गया। उन्होंने लिखित में अवकाश स्वीकृति का साक्ष्य मांगा जो कोई नहीं दिखा सका। इसके बाद कर्मचारियों के टालमटोल वाले रवैये पर भी जमकर सुनाई। ये सवाल किया कि जनता अपने काम कराने के लिए भटक रही है। अफसर छुट्टी मना रहे हैं। किसके सहारे कार्यालय छोड़ रखा है..बताओ? ये भी कहा कि चोरी करने का काम कर रहे हो, काम तो संभलता नहीं तुमसे.. तनख्वाह तो मिलती है ना। इस पर कर्मचारियों ने चुप्पी साध ली। फिर विधायक ने मौके से ही जिलाधिकारी को कॉल कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए नाराजगी जताई। इधर, विधायक की नाराजगी को देख कर्मचारी जिन कामों में टालमटोल करने के आरोप में घिरे रहे थे, उन्हीं कामों को हाथों हाथ निपटाने की बात कहकर कागज तलाशने में जुट गए।

### बोले- मेरे साथ कराएं बैठक, ऐसे नहीं चलेगा

विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने डीएम को कॉल लगाकर जिला पूर्ति कार्यालय में मिले बदइंतजाम से तो अवगत कराया ही। ये भी कहा कि ऐसे न जाने और कितने कार्यालयों में जनता की अनदेखी हो रही होगी। क्षेत्र के लोग परेशान है। जल्द हमारी बैठक अधिकारियों संग कराइये। एसडीएम सदर, बीसलपुर, कलीनगर के साथ ही डीएसओ आदि को भी उसमें बुलाएं। ये हमारे विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हैं।

### चार घंटे से लगा रहा कॉल, हर नंबर स्विच ऑफ

वैसे तो अधिकारियों के सीयूजी नंबर रिसीव न होने की शिकायतें आम जनमानस की ओर से कही जाती रही है। मगर इस बार तो भाजपा विधायक भी इसका दंश झेलने को मजबूर दिखे। विधायक बरखेड़ा ने डीएम से हो रही बात में ये कहा कि चार घंटे से वह जिला पूर्ति अधिकारी को कॉल लगा रहे हैं। जो भी नंबर दिए जा रहे, सभी स्विच ऑफ हैं। उनका चार्ज जिसे देने की बात कही गई, उसका भी नंबर नहीं लग रहा है। जब कलेक्ट्रेट आए तो यहां कार्यालय ही बेहाल मिला। ऐसे कैसे जनता की सुनवाई होगी?

### जांच करने आए और हमें ही धमकाया



कोटेदार राशन की कालाबाजारी करता था। तौल के बाद प्रति कार्ड धारक से एक किलो राशन कम कर लेता था। मर चुके कार्ड धारक के स्थान पर कोटेदार ने महिला रिश्तेदार को लाभान्वित कर दिया। परिवार के सदस्यों के कार्ड बनवा लिए। शिकायत हमने की तो जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने हमें ही धमका दिया। तब विधायक को पूरी बात बताई। **- रतनलाल**, पुरवाखाग

### छह माह से लगा रहे चक्कर



छह माह से अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए भटक रहा है। आवेदन करने के बाद भी चक्कर लगवाए जाते रहे। इसके बाद भी आवेदन न मिलने की बात कही जाती रही। जबकि अपात्रों के कार्ड तक बने हुए हैं। अपनी पीड़ा बरखेड़ा विधायक को बताई थी, तो उनके साथ आए। **-राजीव कुमार**, पुरवा खाग

कई जगह से शिकायत मिल रही थीं कि पूर्ति विभाग के स्तर से लाभार्थियों से अन्याय और अपात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। धनाढ्य लोगों के गरीबी रेखा के कार्ड बने हैं, पात्र परेशान है। वसूली हो रही है। कार्यालय आए तो पूर्ति अधिकारी और एआरओ नदारद हैं, कोई जिम्मेदारी नहीं। जनता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। **- स्वामी प्रवक्तानंद उर्फ जयद्रथ**, बरखेड़ा विधायक भाजपा

आज का मौसम
आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।
42.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 5.12
सूर्यास्त 7.07

## एक नजर

### नीलामी से कटे पेड़, मचा अवैध कटान का शोर

**घुंघचिहाई।** क्षेत्र के ग्राम कढैया कनपारा में एक ठेकेदार ने पांच हरे भरे आम के पेड़ों का कटान किया। इसके बाद फलदार वृक्षों का साठगांठ कर कटान किए जाने का शोर मच गया। उधर, डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि पेड़ नीलाम किए गए हैं। उस जगह पर पानी की टंकी का निर्माण कराया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया से पेड़ों को कटवाया गया है। जबकि कढैया कनपारा के ग्राम प्रधान रामचंद्र यादव ने बताया कि पेड़ ग्राम समाज की भूमि पर खड़े थे। जिन्हें राजस्व विभाग की अनुमति द्वारा नीलामी कराई गई है।

### अनुशासनहीनता करने पर दो सिपाही निलंबित

**घुंघचिहाई।** थाने में तैनात मुंशी से अभद्रता करना दो सिपाहियों को महंगा पड़ गया। पता लगने पर एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों सिपाही सुमित चौधरी और गौरव सागर को निलंबित कर दिया है। बताते हैं कि इन दोनों सिपाहियों को बीते दिनों ड्यूटी लगाने के दौरान थाने पर तैनात मुंशी से विवाद हुआ था। दोनों सिपाही मुंशी से भिड़ गए थे। जिसकी रिपोर्ट बनाकर एसओ ने एसपी को भेज दी थी। अनुशासनहीनता पर दोनों सिपाहियों पर हुई कार्रवाई से विभाग में खलबली मची रही।

# अधिकारियों की लूटखसोट से जनता का हो रहा शोषण



बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु की ब्लाक स्तरीय मासिक गोष्ठी ब्लॉक ललौरीखेडा में जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों की लूटखसोट से ब्लॉक की जनता परेशान हैं। जनता की आवाज क़ो सुनने वाला कोई नहीं। ललौरीखेड़ा के बीडीआ कमजोर वर्ग की जनता की नहीं सुनते। टालमटोल की जाती है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

तहसील अध्यक्ष नंद किशोर राठौर ने कहा कि ललौरीखेड़ा की जनता का शोषण हो रहा है। ब्लाक मुख्यालय और स्वास्थ्य केंद्र के सामने बरेली हाईवे पर गंदा पानी जमा है। यह समस्या छह माह से चली आ रही है। आए दिन सड़क हादसे होते हैं। गंदगी के कारण बीमारीयां फैल रही हैं।

मगर ब्लाक प्रशासन बेसुध है। सुखलाल गंगवार ने कहा कि विकास खंड अधिकारी ललौरीखेड़ा जनता की छोटी छोटी समस्या के समाधान कराने में नाकाम नजर आ रहे हैं। इस मौके पर रामगोपाल, सुरेश पासवान, प्रवेश कुमार, डोरीलाल पाल, रामप्रसाद राजपूत, रायबहादुर, रामवती, सोमवती, चमेली देवी, कलावती आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में किया महिला पर जानलेवा हमला, चार पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश में महिला की घर में घुसकर पिटाई कर दी गई। उस पर धारदार हाथियार से जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सिसैया जलालपुर की रहने वाली मुन्नी देवी पत्नी सुरेश सिंह की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया है कि 24 मई की शाम साढ़े सात बजे उसके पति घर पर नहीं थे। आरोप लगाया है कि इस बीच मौका पाकर गांव का ही कपिल, वीरेश, राजपाल और नन्हेलाल घर में घुस आए। आरोपियों ने पुश्तैनी जगह के रास्ते को लेकर रंजिया है। आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर मारपीट की गई। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

# साहब! उर्स की तैयारियों के बीच दुकानों को अतिक्रमण बताकर नहीं लगने दे रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● शाहजी मियां दरगाह का नौ जून से शुरू हो रहा है उर्स, प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला

● दुकानों को लेकर चल रही अनबन का निस्तारण कराने को डीएम के समक्ष रखा मामला

**अमृत विचार:** शाहजी मियां उर्स की तैयारियों के बीच अतिक्रमण का हवाला देते हुए पुलिस की ओर से दुकानें न लगने देने का मामला डीएम तक पहुंचा। दरगाह के सज्जादानशीन की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मुलाकात कर पूरी बात बताई। डीएम ने एसडीएम सदर, सीओ सिटी और कोतवाल को मामले का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं।

अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के उर्स को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और डीएम संजय कुमार सिंह से मिला। इसमें सज्जादानशीन के भाई हाफिज मियां शेरी, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एमए जिलानी समेत शहर तमाम लोग शामिल थे। जिलाधिकारी को उर्स की दावत पेश की। जिसमें बताया कि उर्स नौ जून की सुबह पुलिस -प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में शुरू होगा। इसमें देश के विभिन्न शहरों से ही नहीं दूसरे देशों से भी जायरीन पहुंचते हैं। इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से आयोजन होगा। मगर, इस वर्ष बिना वजह अतिक्रमण के नाम पर पुलिस दुकानदारों को परेशान कर रही है, जोकि गलत है। अगर प्रशासन नहीं चाहता है तो हम इस वर्ष उर्स नहीं मनाएंगे। इस पर व्यापारी नेता एमए जिलानी ने कहा कि उर्स में दुकानें एक सप्ताह के लिए अस्थाई लगती है न की स्थाई।



उर्स की दुकानों को लेकर अनबन का मुद्दा लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे लोग।

इसी तरह हर मेलों का ये ही प्रचलन है, जिसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ दरगाह कमेटी के लोग व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में योगदान देते है। आज तक सभी पुलिस व प्रशासन के लोग सहयोग दे भी रहे है लेकिन किसी गलतफहमी की वजह से ये सब हो रहा है। डीएम ने पूरे मामले को सुना और फिर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को दरगाह के लोगों संग बैठक करने के निर्देश दिए। ताकि उर्स को परंपरागत तरीके से संपन्न कराया जा सके और कोई दिक्कत भी न आए। किसी को बिना वजह परेशान नहीं करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मेराज मियां, नफीस मियां, जावेद, तारिक नैयर, मंसूर अहमद शमसी, इकबाल हजरत खान, आरिफ हजरत खान, बिलाल मियां शेरी, जफर एडवोकेट, कासिम खान, रणवीर पाठक, रिंकू पांडेय, शैली शर्मा, मुनव्वर खान आदि मौजूद रहे।

उर्स को लेकर आए प्रतिनिधि मंडल ने दुकानों को लेकर अपनी समस्या रखी है। इसका नियमानुसार निस्तारण कराने के लिए एसडीएम सदर, सीओ सिटी, सदर कोतवाल को निर्देशित कर दिया गया है। किसी को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा। **- संजय कुमार सिंह**, डीएम

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** खटीमा से लौट रहे दो बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सुनगढ़ी के नौगवां पकड़िया का 25 वर्षीय अफजाल पुत्र बुंदू अपने साथी 24 वर्षीय इमरान पुत्र कल्लू खां के साथ शुक्रवार को बाइक से उत्तराखंड के खटीमा गए थे। काम निपटाने के बाद दोनों बाइक से वापस आ रहे थे। तभी टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया कस्बे में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक नीचे गिर गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी भिजवाया। जहां अफजाल की मौत हो गई। जबकि इमरान की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इधर, सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# पूर्व ईओ की सर्विस बुक गायब होने पर मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● नगर पालिका और तत्कालीन चेयरमैन के बीच घमासान, एक दूसरे पर लग रहे आरोप

● सर्विस बुक नहीं मिलने से परेशान तत्कालीन अधिशासी अभियंता ने डाला पीलीभीत में डेरा

**अमृत विचार :** करीब दो साल पूर्व ईओ रहे सुरेंद्र प्रताप की सर्विस बुक नगरपालिका से गुम हो गई। सर्विस बुक की जरूरत पड़ी तो कार्यालय में आकर संपर्क किया, लेकिन सर्विस बुक नहीं मिली। कार्यालय के कर्मचारियों ने तत्कालीन चेयरमैन को हस्ताक्षर करने के लिए सर्विस बुक देने की बात कही। जब उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने भी सर्विस बुक नहीं होने का जबाव दे दिया। इसको लेकर कार्यालय में खलबली मची हुई है।

दो दिन तक सर्विस बुक के लिए अपने ही पुराने कार्यालय में चक्कर लगाने के बाद भी सर्विस बुक का पता नहीं चल सका। इस मामले में उन्होंने एडीएम वित्त कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

शासन ने कई साल पहले सुरेंद्र प्रताप को बतौर ईओ बनाकर शहर नगरपालिका में भेजा था। यहां उनका छह साल से भी अधिक का कार्यकाल रहा। अमृत योजना 2.0 का कार्य हैंडओवर होने के बाद शासन ने ईओ सुरेंद्र प्रताप का 26 जुलाई 2022 को तबादला सिकोहाबाद कर दिया गया था।

तबादला होने के बाद उन्होंने एक अगस्त 2022 को ज्वाइन कर लिया। ईओ से लेकर समस्त सरकारी कर्मचारियों की सर्विस बुक कार्यालय में अधिष्ठान में जमा रहती है। जिस पर चेयरमैन भी अपनी रिपोर्ट लगाते हैं कि उनका कार्य संतोषजनक रहा या नहीं। जिससे प्रमाणित करते हुए सर्विस बुक पर अपडेट किया जाता है। तबादला होने के बाद उनकी सर्विस बुक नगरपालिका में ही रह गई थी। तबादला होने के बाद वह उड़ीसा प्रशिक्षण में चले गए थे। इसलिए सर्विस बुक नहीं मंगवा सके। लेकिन जब सर्विस बुक की जरूरत पड़ी तो उन्होंने कार्यालय के अधिष्ठान में संपर्क साधा तो ईओ के अनुसार वहां के कर्मचारियों ने तत्कालीन चेयरमैन को हस्ताक्षर करने के लिए देने की बात कही। कई दिनों तक सर्विस बुक की तलाश चलती रही। मगर कार्यालय में सर्विस बुक का रिकॉर्ड नहीं मिला। इस पर गुरुवार को ईओ सुरेंद्र प्रताप शिकोहाबाद से कार्यालय पहुंचे और सर्विस बुक के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन रिकॉर्ड वहां नहीं मिला। इतना ही नहीं उनकी सर्विस बुक की फोटो कॉपी भी नहीं मिली। कर्मचारियों के अनुसार सर्विस बुक चेयरमैन को दी गई है जो कार्यालय में नहीं आई है। शुक्रवार को भी सर्विस बुक की तलाश चलती रही। मगर कुछ पता नहीं चल सका।

इस पर पूर्व ईओ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी सर्विस बुक को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। ईओ सुरेंद्र प्रताप का कहना है कि सर्विस बुक नहीं मिल रही है, जोकि कार्यालय में जमा थी। एक दूसरे पर मौजूद होने की बात कही जा रही है।

# मनरेगा का काम करने गए श्रमिक पर तेंदुआ का हमला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● साथियों के शोर-शराबा करने पर भागा तेंदुआ, विधिपुर गांव के समीप शुक्रवार सुबह हुई घटना

**अमृत विचार:** मनरेगा का काम करने गए मनरेगा श्रमिक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। श्रमिक पर हमला होता देख कुछ मजदूर भाग खड़े हुए तो वहीं शोर-शराबा होने पर तेंदुआ भागा, तब कहीं जाकर श्रमिक की जान बच सकी। हमले में मजदूर की पीठ और हाथ पर घाव हो गए। एक अन्य युवक पर भी तेंदुआ के हमला होने की बात कही जा रही है। इस घटना से आसपास के लोगों में खलबली मच गई। गांव के लिए दहशत में है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वनकर्मियों ने जांच पड़ताल करने के बाद तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया, लेकिन शाम तक उसकी कोई लोकेशन नहीं मिल सकी।



घायल जयवीर।

घटना शुक्रवार सुबह माला रेंज से करीब आधा किमी दूर गांव विधिपुर के समीप हुई। गांव विधिपुर निवासी 20 वर्षीय जयवीर शुक्रवार सुबह गांव के ही समीप मनरेगा के तहत बनाई जा रही सड़क पर काम करने गया था। उसके साथ ही गांव निवासी यशपाल भी अपना खेत देखने के लिए गया था। काम के दौरान जयवीर और यशपाल पास के ही एक खेत में चल रहे ट्यूबवेल पर पानी पी जा रहे थे कि इस बीच जयवीर पर हमला कर दिया। हमला होते ही जयवीर ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। बताते हैं कि जयवीर पर हमला होता देख काम कर रहे मनरेगा श्रमिक गांव की ओर भाग खड़े हुए।

वहीं कुछ ने साहस बटोरते हुए शोर-शराबा कर शुरू कर दिया, ताकि जयवीर को तेंदुआ के चंगुल से छुड़ाया जा सके। मनरेगा श्रमिकों के मुताबिक शोर-शराबा पर तेंदुआ जयवीर को छोड़कर भाग निकला। तेंदुआ का पंजा लगने से जयवीर की पीठ और हाथ पर जख्म हो गया। यशपाल पर भी तेंदुआ के हमले की बात कही जा रही है। हमले में पंजा लगने से यशपाल की शर्ट फट गई। तेंदुआ के हमले की खबर कुछ देर में ही गांव तक जा पहुंची।

जानकारी लगते ही तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने मौके पर जांच पड़ताल करने के बाद तेंदुआ की लोकेशन तलाशनी शुरू की, लेकिन वनकर्मियों को तेंदुआ की लोकेशन नहीं मिल सकी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ गांव निवासी जीवन लाल के गन्ने के खेत में छुपा है। घायल जयवीर को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

विधिपुर गांव के समीप तेंदुआ के हमले की सूचना पर टीम मौके पर गई थी। मौके पर जांच पड़ताल की गई है। एक युवक घायल हुआ है। पगमार्क से तेंदुआ की पुष्टि हुई है। निगरानी के लिए टीम लगा दी गई है। **- कपिल कुमार**, डिप्टी रेंजर, सामाजिक वानिकी प्रभाग

**बनी रणनीति** वन मंत्री, अपर मुख्य सचिव समेत वन विभाग के कई बड़े अफसरों को किया गया आमंत्रित

# आज धूमधाम से मनेगा पीलीभीत टाइगर रिजर्व का दसवां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पीटीआर में तैनात रहे कई वन अफसरों को भी बुलाने पर किया जा रहा मंथन

● वन एवं वन्यजीव प्रभाग सभागार में डीडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी रणनीति

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आठ जून को होने वाले स्थापना दिवस में प्रदेश के वन मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव समेत कई वन अफसरों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में पीटीआर के उन वन अफसरों को भी आमंत्रित करने पर मंथन किया जा रहा है, जिनकी बदौलत पीटीआर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में अपनी ख्याति अर्जित कर चुका है। स्थापना दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर डिप्टी डायरेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रणनीति तय की गई।

पीलीभीत के जंगल को आठ जून 2014 को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर तेजी से कवायद शुरू की गई। तत्कालीन वन अफसरों ने सीमित संसाधनों के दम पर वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर तमाम प्रयास किए। जिसका परिणाम यह रहा कि आज पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर भी पहचान बना चुका है।



दसवें स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक में मंथन करते डीडी मनीष कुमार व अन्य।

बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर पीटीआर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अवार्ड जीत चुका है। पीटीआर में डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से लगातार आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। इधर अब पीटीआर प्रशासन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर शुक्रवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आठ जून को होने वाले दसवें स्थापना दिवस को लेकर मंथन किया गया।

डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि आठ जून की रात शहर के एक बारात घर में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पीटीआर के 10 साल का सफरनामा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण केपी मलिक, अपर प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह, पीसीसीएफ सुधीर कुमार शर्मा, पीसीसीएफ वन्यजीव संजय श्रीवास्तव, दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा समेत पीटीआर के कार्यवाहक फील्ड डायरेक्टर एवं सीसीएफ बरेली जोन विजय सिंह भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के कई वन अधिकारियों के भी आने की संभावना है। स्थापना दिवस पर पीटीआर में पूर्व में तैनात रहे वन अफसरों को आमंत्रित करने पर भी मंथन किया जा रहा है। बैठक में पीटीआर एवं वन एवं वन्य जीव प्रभाग के वन अफसर व वनकर्मी भी मौजूद रहे।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

# उत्पीड़न से परेशान होकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने दी आत्मदाह की चेतावनी

## डीपीओ पर धमकाने का आरोप, डीएम से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिकायतकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्ञानवती शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बरखेड़ा ब्लॉक की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर डीपीओ समेत अन्य पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उत्पीड़न से त्रस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने समस्या का समाधान न होने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

जनपद में बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग द्वारा 1960 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार से संबंधित शिकायतें अकसर प्रकाश में आती रहती है। ऐसा ही एक मामला बरखेड़ा ब्लाक के गांव छोटी महदखास के आंगनबाड़ी केंद्र का सामने आया है। इस आंगनबाड़ी केंद्र पर ज्ञानवती शर्मा बतौर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्यरत है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री का आरोप है कि उसे गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को दिए जाने वाला राशन कम दिया जा रही है। वहीं प्रधान आवंटित राशन में से जबरन आधा राशन देने की डिमांड कर रहे हैं। इधर आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा।

शिकायती पत्र में कहा गया कि आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आवंटित किया जाने वाला पोषाहार निर्धारित मात्रा से कम दिया जा रहा है। मामले की शिकायत करने पर उसे धमकाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि इसको लेकर पूर्व में भी उसने शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि शिकायत करने से क्षुब्ध जिला कार्यक्रम अधिकारी ने एक सुपरवाइजर को बचाने के लिए एक दिन पूर्व बरखेड़ा ब्लाक की सहायक सुपरवाइजर मूर्ति देवी के फोन से कॉल कर उस पर जबरन इस्तीफा देने का दबाव बनाया और इस्तीफा न देने पर कार्रवाई करने की धमकी दी। शिकायती पत्र में कहा गया कि कुछ माह पूर्व माह पूर्व ग्राम महद खास में समूह की महिलाओं के द्वारा वितरित की जाने वाली सामग्री में समूह अध्यक्ष एवं समूह की अन्य महिलाओं द्वारा सामग्री निकालने का आरोप लगा था। इस मामले की शिकायत भी जिला कार्यक्रम अधिकारी से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें मामले को लेकर लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। गांव का आंगनबाड़ी केंद्र भी अधूरा पड़ा है। जांच करने पहुंची सहायक सुपरवाइजर ने भी सुपरवाइजर को बचाने के लिए अधिकारियों को झूठी रिपोर्ट दे दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी ।

> लगाए गए आरोप निराधार है। एक दिन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा कार्यालय में आकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री की ओर से पोषाहार वितरित न करने की शिकायत की गई थी, जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पूछा गया तो वह इस्तीफा देने की बात कहने लगी। पूर्व में भी की गई शिकायत की जांच कराई गई थी। शिकायत झूठी पाई गई थी। – **युगल किशोर सांगुड़ी**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

## व्यापारी और जनप्रतिनिधियों के दखल देने पर भी नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था

**पीलीभीत।** बिजली व्यवस्था का तमाम विरोध, राज्यमंत्री और व्यापारियों के दखल के बाद भी हाल सुधार नहीं सका है। शुक्रवार को भी हालात बदतर ही बने रहे। लोकल फाल्ट का समाधान पावर कार्पोरेशन नहीं तलाश सका है। गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद से ही बिजली के हालात बदतर बने हुए है। गुरुवार रात को भी कई जगह फाल्ट ने व्यवस्था बिगाड़ी। शुक्रवार तड़के ही चौक बाजार की बिजली गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर सुबह चार बजे टीम भेजी गई। फिर दस मिनट बाद ही लाल रोड की बिजली फाल्ट के चलते गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर टीम को फीडर चेक करने के लिए भेजा गया। सुबह छह बजे सप्लाई चालू की गई। इसके बाद गैस चौराहा की लाइट गुल हो गई।। 33 केवी रामलीला में दिक्कत रही। गोदावरी स्टेट कालोनी में भी एक फेस बंद रहा। इसका ढाई घंटे बाद सुधार किया गया। साहूकारा में दस बजे लाइट गई और बाद में पता चला कि काम चल रहा है और सप्लाई शाम पांच बजे होगी। फिर आस्फजान, डोरीलाल, मोहत्सिम खां समेत आसपास के इलाकों की बिजली चली गई। गांधी स्टेडियम रोड पर दोपहर डेढ़ बजे फाल्ट के बाद लाइट चली गई। यहां आठ घंटे तक बत्ती गुल रही। पुरानी तहसील रोड, डिग्री कालेज चौराहा समेत आसपास की बत्ती गुल रही। फिर रात में भी फाल्ट होते गए और उपभोक्ता परेशान रहे।

# धोखाधड़ी से रुपये हड़पने पर केस दर्ज करने के आदेश

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- एसएचओ साइबर क्राइम को सीजेएम पूजा गुप्ता ने दिया आदेश

**अमृत विचारः** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता ने एक प्रार्थना पत्र की सुनवाई के बाद थाना साइबर क्राइम के भारसाधक अधिकारी को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

जिला बहराइच के थाना कैसरगंज के गांव तिलिया बिराहिनपुर की रहने वाली सीमा खातून ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम दहगला में एक व्यक्ति के यहां रामलीला मेला देखने आई थी। वह फोन पे चलाती हैं। गांव में आने के बाद उसका यूपीआई पिन नहीं बन रहा था, तब उसने यस बैंक में टोल फ्री नम्बर पर 28 दिसंबर 2023 को कॉल की। बैंक कर्मी द्वारा गूगल से नंबर निकाल कर कॉल करने की सलाह दी।

प्रार्थिनी ने वैसा ही किया। प्रार्थिनी के वीडियो कॉल करने पर उससे ओटीपी नम्बर ले लिया गया। प्रार्थिनी के ओटीपी नंबर देने पर लालबाग कचहरी सीतापुर निवासी दिलीप कुमार के खाते में प्रार्थिनी के 50 हजार रुपये चले गये। साथ ही वेस्ट बंगाल के हौली चिन्दसुरा मोती बेगम हौली के विश्वास शाह और वेस्ट बंगाल के ही चन्दननगर सूरीघाट के राजकुमार पतारा के खातों में एक-एक लाख रुपये प्रार्थिनी के खाते से चले गए।

प्रार्थिनी को जैसे ही जानकारी हुई उसने आरोपी दिलीप कुमार से बात की, उसने गाली गलौज कर धमकाया। यह आरोप लगाया कि आरोपी दिलीप कुमार, विश्वास शाह और राजकुमार पतारा ने मिलकर छल फरेब व धोखाधड़ी पूर्वक उसके ढाई लाख रुपये हड़प लिए। मामले की सूचना एसपी पीलीभीत को देने की बात कही गयी, साथ ही रिपोर्ट दर्ज कराने की याचना की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष साइबर क्राइम को मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

## जगह के विवाद में पूर्व चेयरमैन पुत्र समेत दो फंसे

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** पुराने विवाद को लेकर पूर्व चेयरमैन पुत्र समेत दोनो पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक पक्ष से पूर्व चेयरमैन पुत्र सलीम ने तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी दुकान की जगह को वार्ड नंबर नौ के एक व्यक्ति को पांच लाख रूपये में बिक्री किया था। जिसका पचास हजार रूपये बयाना प्राप्त हुआ। बाकी रुपए जल्द देने को कहा गया था। जिससे सौदा तय हुआ उसकी मृत्यु हो गई। उसके बाद परिजन बकाया रुपए देने में टालमटोल करने लगे। तीन जून को दुकान में ताला डाल दिया। उधर दूसरे पक्ष से इरफान ने तहरीर देकर बताया कि उनका मकान छह दशक पुराना है। इसी में परिवार रहता है।पूर्व चेयरमैन का पुत्र उसके अन्य परिजन ने शुक्रवार शाम को धमकाते हुए मारपीट की। मकान कब्जा करने की धमकी दे रहे है। किसी तरह खुद को बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फिल्म हम दो हमारे बारह का बैठक कर जताया विरोध



फिल्म का विरोध जताते उलेमा। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** नगर के अल रज़ा इस्लामिक हॉल में शुक्रवार को उलमा और इमामों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सदर इमाम हाफ़िज़ ज़ाकिर खान नूरी ने की। उलमाओं ने सेंसर बोर्ड से पास की गई हम दो हमारे बारह नामक फिल्म को जारी करने पर घोर आपत्ति जताई। हाफिज नूर अहमद अज़हरी ने कहा कि कभी हम दो हमारे बारह, कभी कश्मीर फाइल्स जैसे फिल्मों से एक समाज को टारगेट किया जा रहा है। फिल्म में एक मजहब को बदनाम करने की कोशिश की गई है। फिल्म इंडस्ट्रीज के लोग मुल्क और इस्लाम का गलत इतिहास लोगो के सामने पेश कर रहे हैं। इसका विरोध किया जाएगा। इस दौरान उलमा, अइम्मा से आने वाली ईद पर कुरबानी खुले में न कराने की अपील की गई। इस मौके पर हाफिज असलम नूरी, मौलाना नाजिम रज़ा मिस्बाही, मौलाना दानिश रज़ा मिस्बाही ,मौलाना जावेद रज़ा खान बरकाती, हाफिज साकिब रज़ा अजहरी, हाफिज अरबाज रजवी आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने डीएम व एसपी के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जेल परिसर में पौधरोपण करते जिला जज व अन्य। ● अमृत विचार

- बंदियों का जाना हाल, मानक के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा ने डीएम एवं एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरकों, अस्पताल समेत कारागार परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बंदियों का हाल जानने के साथ संबंधित अधिकारियों को बंदियों को मानक के अनुरूप सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए।

जिला जज शुक्रवार को डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय के साथ जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने बंदियों के बैरक नंबर चार, किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जज ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों से बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिला जज ने बीमार बंदियों से भी बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला जज ने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही जेल अधीक्षक को मानक के अनुरूप बंदियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता, जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने सुनी व्यापारियों की पीड़ा

संवाददाता, मझोला



बैठक के बीच चौकी इंचार्ज को निर्देशित करते राज्यमंत्री संजय गंगवार।

- समाधान का दिलाया भरोसा, चौकी इंचार्ज को भी दिए निर्देश

**अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार शुक्रवार को कस्बा मझोला पहुंचे और पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल के कार्यालय पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं संग बैठक की। मझोला पुलिस चौकी पर व्यापारियों की ओर से किए गए धरना प्रदर्शन के बाद दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले को विस्तार से जाना।

कस्बे में आगमन पर राज्यमंत्री का पूर्व चेयरमैन रामौतार अग्रवाल के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद सिंह, अजय गोयल, प्रेम गोयल, विजय भाटिया, बंसीलाल, अशोक भाटिया, विजेंद्र भाटिया, मुनेश्वर खाटनानी, बाबुराम, सोनपाल सिंह राना ,मोहन लाल, चरणजीत सिंह, अमरीक सिंह, दीपक गर्ग, मनोज सिंघल आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। राज्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों में भयमुक्त वातावरण स्थापित करना और व्यापार के अनुकूल माहौल बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। हर माह वो एक बार रात्रिभोज मझोला के लोगों के साथ करने आया करेंगे। सबके साथ संवाद करेंगे। बैठक का संचालन कपिल अग्रवाल ने किया। राज्यमंत्री व्यापारी राजीव सिंघल के आवास पर गए और उनके पिता हनुमान प्रसाद का हालचाल जाना। उनके इलाज के लिए हरसंभव सहायता देने के लिए कहा। मझोला चौकी इंचार्ज को भी बुलाया और किसी का बेवजह उत्पीड़न न करने के निर्देश दिए।

# व्यापार मंडल ने शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े कुछ व्यापारियों ने शुक्रवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शहर में फैली गंदगी, खस्ता हाल सड़कों आदि समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। संजय रॉयल पार्क स्थित आवास पर पहुंचे व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि कई माह से सफाई व्यवस्था के नाम से खानापूर्ति की जा रही है। जगह जगह पर कूड़े के ढ़ेर लगे हैं। समय से कूड़ा नहीं उठाया जाता है। सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। लोगों का आवागमन मुश्किल हो रहा है। राज्यमंत्री ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही कराई जाएगी। नगर पालिका प्रतिनिधि राकेश सिंह को निर्देश दिए कि वो शनिवार को डीएम से मिलकर व्यापारियों द्वारा दिए गये ज्ञापन पर कार्रवाई कराएं। ज्ञापन देने वालों में हर्षित अग्निहोत्री, अमित अवस्थी, राजकुमार सिंह, राजू, देवेन्द्र पाण्डेय,नवनीत, विशाल सक्सेना, ठाकुर दास, हरद्वारी लाल, प्रशान्त कुमार आदि थे।



> शहर की व्यवस्थाओं को देख ऐसा प्रतीत हो है कि नगर पालिका नहीं ये नरक पालिका है। पॉश इलाकों में ही सफाई व्यवस्था बदहाल है। बाजार में भी कूड़ा उठान का समय ठीक नहीं है। व्यवस्था में सुधार कराने के लिए राज्यमंत्री को युवा टीम ने ज्ञापन दिया है। राज्यमंत्री की ओर से समाधान का आश्वासन मिला है। – **शैली अग्रवाल**, जिला महामंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

# मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, पार्टी कार्यालय पर जश्न





बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार



बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनडीए गठबंधन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनः तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। पीलीभीत सीट पर भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए कार्यकर्ताओं की ओर से की गई मेहनत पर भी आभार जताया। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला महामंत्री लेखराज भारती, दिनेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, अमित संघर्षी, सुषमा कुमारी, गोकुल प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, बरखेड़ा चैयरमेन श्याम बिहारी भोजवाल, राजेंद्र कश्यप, शांति स्वरूप सोनकर, डालचंद वर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अनुराग अग्निहोत्री, स्वतंत्र देवल, हेमराज दिवाकर, विकास बाल्मीकि, विकास श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## महिला और परिजनों को परेशान कर रही सूदखोर

**पीलीभीत।** मोहल्ला शेर मोहम्मद की रहने वाली एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती में कहा है उनके पति पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। उसके पति ने कोतवाली क्षेत्र के निरंजन कुंज कॉलोनी निवासी एक महिला से पांच साल पहले कुछ रुपये ब्याज पर लिए थे। बतौर ब्याज उसे तीन हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। आरोप लगाया सूदखोर महिला जब भी उसके पति घर में नहीं होता हैं तो उनकी गैरमौजूदगी में घर पर आकर उसके अलावा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए रुपयों की मांग करती है। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। पीड़िता के मुताबिक वह सारे रुपये दे चुकी है। उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### दुकान संचालन और निर्माण में सहयोग के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बदायूं।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण व संचालन योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या इससे ज्यादा है और स्वरोजगार के इच्छुक हैं। जिन्हें पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं मिला है। ऐसे दिव्यांगजन को दुकान संचालक के लिए 10 हजार रुपये और दुकान निर्माण के लिए 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। इच्छुक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पोर्टल पर लॉगिंग करके खुद ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र या जनसेवा केंद्र के माध्यम से भी किया जा सकता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम (यूडी आईडी कार्ड) और सक्षम प्रधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा से दोगुनी), बैंक खाता संबंधी पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

### सपा के जीतने पर नारेबाजी, भाजपा को वोट देने वाले युवक को पीटा

**विजय नगला।** समाजवादी पार्टी की जीत का जुलूस निकालने को लेकर हुए विवाद में भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी योगेश कुमार ने बताया कि वह अनुसूचित जाति के हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के जीतने के बाद गांव निवासी विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, बिजनेस, गौरव आदि पिकअप में डीजे फिट करके मनौना धाम जा रहे थे। वह मलगांव के पास दुकान पर बेल्डिंग कर रहे थे। वह लोग वहां से गुजरे तो सपा की जीत के नारे लगाने लगे। नारेबाजी करते हुए उसकी दुकान पर पहुंचे और पिकअप में बेल्डिंग करने को कहा। योगेश कुमार ने कहा कि वह अभी दूसरे का काम रहे हैं। जबकि वह वह लोग गुस्सा गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट की। कहा कि तूने भाजपा को वोट दिया है। अब सांसद हमारा बन गया है और योगेश को लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में ससुर-दामाद समेत चार लोगों की मौत

## सहसवान में डीसीएम ने बाइक सवार ससुर और दामाद को रौंदा, इस्लामनगर में ट्रैक्टर पलटने से हुआ हादसा

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में ससुर-दामाद समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि केई लोग घायल हुए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

**पहला हादसा** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव सिलहरी के पास बाइक और डीसीएम की आमने-सामने से टक्कर होने पर हुआ। इस हादसे में बाइक सवार ससुर-दामाद की मौके पर मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने डीसीएम को घेर लिया। सूचना देकर पुलिस को बुलाया। चालक को मय डीसीएम पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रखवा दिए। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

कस्बा सहसवान के मोहल्ला नयागंज निवासी संजय (60) पुत्र रामस्वरूप शुक्रवार शाम अपने दामाद कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव निजामाबाद निवासी विवेक (30) पुत्र नरेश के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी जिला संभल के कस्बा बबराला जा रहे थे। शाम लगभग सात बजे कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव सिलहरी के पास विपरीत दिशा से आई डीसीएम से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में ससुर-दामाद के सिर में गंभीर चोट आईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चालक को हिरासत में लिया है। शवों को सीएचसी पर भेजा। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए। शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**हाईवे पर ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, दंपति घायल : बिल्सी** :कछला-शाहबाद हाइवे स्थित गांव नगला सलारपुर के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार दंपति घायल हो गया। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर किया है। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी नरेंद्र पुत्र चंद्रपाल और उनकी पत्नी पुष्पा अपनी बाइक से मुजरिया चौकी से क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर मुकईया के लिए आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाइवे स्थित गांव नगला सलार के पास पहुंची तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बिल्सी सीएचसी भेजा। जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।



गांव सिलहरी के पास सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद भीड़।



हादसे के बाद मौके पर खड़ा डीसीएम। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मुजरिया।** बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी नरेंद्र पुत्र चंद्रपाल शुक्रवार को अपनी रिश्तेदारी गांव शेख नगला बाइक से जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मय ट्रैक्टर चालक जिला कासगंज के गांव नगला भंबा निवासी राजेंद्र को हिरासत में लिया है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत, एक घायल

**इस्लामनगर।** उघैती थाना क्षेत्र के गावं भडौली के लाइक सिंह (22) और इस्लामनगर क्षेत्र के गांव नौगवां के राजेश एक ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर और मशीन से गीली मिट्टी भट्टे पर ले जाने का काम करते थे। शुक्रवार दोपहर लगभग ढाई बजे लाइक सिंह और रजोश ट्रैक्टर और गारा मशीन लेकर गांव लश्करपुर ओईया से कस्बा इस्लामनगर जा रहे थे। ट्रैक्टर की गति ज्यादा थी। हरी गंगा इंटर कॉलेज के सामने चालक ने ब्रेक लगाए तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। लाइक सिंह ट्रैक्टर के नीचे दब गए। हादसा देकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर के नीचे से लाइक सिंह को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी और राजेश घायल हो गए। सूचना पर परिजन पहुंचे। बताया कि लाइक की 15 दिनों के बाद शादी होने वाली थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बदायूं।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव रोटा निवासी हरिओम (34) पुत्र मनोहर लाल खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गुरुवार रात लगभग एक बजे वह अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर जा रहे थे। गांव बनकोटा के पास मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पार कर रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वाहन का चालक मय वाहन भाग गया। किसान की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला सका तो शव मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार दोपहर किसान के परिजन उन्हें तलाशते हुए पुलिस के पास पहुंचे तो किसान की शिनाख्त हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

## हत्या व कातिलाना हमले के दोषी को उम्रकैद, 30 हजार का लगा जुर्माना

**बदायूं ,अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव सैफुल्लागंज के सोनपाल ने इस्लमानगर पुलिस को जून 2004 को तहरीर देकर बताया था कि उसके भतीजे की दो शादियां हुई थीं। 11 जून 2004 को दोनों पत्नियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसमें एक पत्नी सर्वेश नाराज होकर चली गई थी। 20 जून की शाम लगभग छह बजे गांव खंडुआ निवासी रामदास पुत्र नंद किशोर और उसके बेटे ताले, नरेश, विक्रम ट्रैक्टर लेकर आए। जैसे ही ट्रैक्टर घर के पास पहुंचा तो रामदास ने सोनपाल के भाई बेनी राम का नाम लेकर गाली दी। बेनी राम उन्हें समझाने के लिए घर से बाहर आए तो रामदास और उसके बेटों ने जान से मारने की नीयत से बेनी राम पर फायर किए। बेनी राम जान बचाने के लिए दरवाजे की ओर दौड़े। नरेश ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। बेनीराम का मुंह और सिर कुचल गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। झगड़े का शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए तो हमलावर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भाग गए। फायरिंग के दौरान सोनपाल का भतीजा हर नारायण भी गोली लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच की थी। आरोपी नरेश, विक्रम और ताले के खिलाफ कोर्ट में

# पर्वतारोही व नीट के मेधावी सम्मानित

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः नगर पालिका सभागार में गुरुवार शाम सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने सरवनपुरी के रहने वाले राधाकृष्ण गुप्ता के पुत्र सत्यदीप गुप्ता को सम्मानित किया। सत्यदीप ने माउंट एवरेस्ट व माउंट लहोत्से को फतेह किया था। नए कीर्तिमान के लिए लोगों ने उन्हें बधाई दी।

सत्यदीप घर से ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस लेकर नगरपालिका पहुंचे थे। वहां फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में नीट परीक्षा पास करने वाले, विभिन्न विद्यालयों के दसवीं व बारहवीं कक्षा के टॉपर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी डॉ.सुधीर गुप्ता, रामबहादुर गुप्ता, रजनीश पाण्डेय, नवीन अग्रवाल, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,समाजसेवी आशोक खंडेलवाल, रवि गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, डॉ.दिनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, संदीप खंडेलवाल, धनंजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- एमएलसी, विधायक और चेयरमैन ने दी बधाई

## मुख्यमंत्री का फोटो लगाकर फेसबुक पर अभद्र पोस्ट, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला संगठन मंत्री बॉबी गुप्ता ने बताया गांव भुंडी के खुशनूर ने फेसबुक पर एक पोस्ट की। जिसमें सीएम के लिए अभद्र भाषा लिखने से क्षेत्र के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। दो महीने पहले खुशनूर के भाई निशरत ने भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को लेकर विवादित पोस्ट सोशल साइट पर साझा की थी। उसके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। अब उसके छोटे भाई खुशनूर ने गलत पोस्ट की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया खुशनूर के खिलाफ भावनाएं आहत करने और माहौल बिगाड़ने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जिस महिला पर दरोगा गिरा उसी के खिलाफ दर्ज करा दी एफआईआर

पूरनपुर, अमृत विचारः

- अस्पताल में इलाज के दौरान आश्वासन देकर महिला के पति समेत 20 लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

गहलुइया में आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश देने के दौरान एक दरोगा महिला पर गिर गए थे। इससे महिला घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान उसका आश्वासनप दिया और कुछ समय बाद पुलिस ने महिला, उसके पति और बेटे सहित 20 अज्ञात के खिलाफ एफआईआआर दर्ज की है।

घटना बुधवार देर शाम की है। एसआई विकास कुमार और मोहित कुमार पशु तस्कर नूर मोहम्मद उर्फ पड्डा को पकड़ने के लिए गहलुईया गांव में दबिश देने गए थे। दबिश के दौरान आरोपी घर से भागा। दोनों उपनिरीक्षकों ने उसे दौड़ाया। आरोपी दीवार फांदकर पड़ोसी के घर में घुस गया। बताते हैं कि आरोपी के पीछे कूदे उपनिरीक्षक चारपाई पर लेटी महिला अफसाना पर जा गिरे।

इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद महिला के परिजनों ने नाराजगी जताई। पुलिस ने महिला का उपचार कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर महिला के परिजन शांत हो गए थे। आरोप है कि गुरुवार को पुलिस ने दरोगा के गिरने से घायल हुई महिला, उसके पति बेटे सहित 20 अज्ञात के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने सहित कई धाराओं में एफआईआआर दर्ज की है।

दर्ज कराए गए मुकदमे में पुलिस का आरोप है कि आरोपी को पकड़ने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों की बाइक रोक ली और चिल्लाकर अपने परिवार को लोगों को बुला लिया। सरकारी काम में बाधा डाली डालते हुए गाली गलौज की गई। पुलिसकर्मियों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

# महिला की मौत, पति समेत आठ पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्सी

- गुरुवार देर शाम बिल्सी के गांव पिंडौल निवासी महिला की हुई मौत

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी पृथ्वीराज सिंह की बेटी भाग्य लक्ष्मी की शादी लगभग एक साल पहले बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी राजवीर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ सही चला। आरोप है कि भाग्य लक्ष्मी के पति राजवीर, ससुर राजपाल, सास रामस्नेही, जेठ धर्मवीर, जेठानी रिंकी, ननद रचना, कश्मीरा व डालचंद्र ने भाग्य लक्ष्मी का उत्पीड़न शुरू कर दिया।

अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने लगे। बेटी की सूचना पर मायका पक्ष कई बार उसके ससुराल गया था। समझाने के बाद भी ससुरालीजन नहीं माने। आरोप है कि गुरुवार शाम सभी ने मिलकर भाग्य लक्ष्मी को बुरी तरह से पीटा और हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने रात में ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पृथ्वीराज सिंह की तहरीर पर आठों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सुशील कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आगे की जांच की जा रही है।

# ऑक्सीजन लाइन काटने के मामले में पांच पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिसौली

- बिसौली क्षेत्र के माहेश्वरी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटता पकड़ा गया था युवक
- अस्पताल स्टाफ की पूछताछ में युवक ने बताया, तीन डॉक्टरों के कहने पर काट रहा था लाइन

**अमृत विचार :** एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटने की कोशिश में पुलिस ने तीन डाक्टरों समेत पांच लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने, छेड़छाड़, धमकाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

गुरुवार को कस्बा बिसौली के सोमवार बाजर स्थित माहेश्वरी अस्पताल में भर्ती मरीजों की जान से खिलवाड़ किया गया। उन्हें सप्लाई करने वाली ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटने की कोशिश हुई। अस्पताल के प्रबंधक रामप्रताप गुरुवार दोपहर दूसरी मंजिल पर जा रहे थे। उनकी नजर अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक पर गई। युवक चाकू से पाइप लाइन काट रहा था। उसके हाथ में प्लास, गैस का लाइटर भी था। आवाज लगाई तो वह धमकी देकर नीचे की ओर भागा कि हट जाओ वर्ना जान से मार दूंगा। शोर सुनकर अस्पताल के स्टाफ ने उसे दबोच लिया और चाकू छीनकर फेंक दिया। इसी दौरान अस्पताल की एक महिला सफाईकर्मी आ गई।

उसने बताया कि युवक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार और अश्लीलता की। पकड़े गए युवक ने अपना मनाम सहसवान के मोहल्ला चौधरी निवासी मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद आसिफ बताया। उसने कहा कि वह सहसवान के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर के अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। उसे उक्त अस्पताल के डाक्टर, उनके दो डॉक्टर बेटों और एक अन्य ने भेजा था। माहेश्वरी अस्पताल जाकर फोटो खींचने, वीडियो बनाने और पाइप लाइन काटकर आग लगाने को कहा था। उसके साथ एक और युवक था जो भाग गया।

रामप्रताप की तहरीर पर तीनों डॉक्टरों सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है। आरोपी युवक से भी पूछताछ की जा रही है।


अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप काटते युवक को पकड़ा

• दूसरे अस्पताल संचालक के कहने पर काट रहा था पाइपलाइन

# उर्स में मुंबई के कव्वाल ने महफिल में बांधा समां

संवाददाता, बीसलपुर

- अकीदतमंदों ने देर रात तक लिया कव्वालियां का आनंद

**अमृत विचारः** शहीद मर्द रहमतुल्ला अलैह उर्फ सैयद साहब की दरगाह पर चल रहे सालाना उर्स में गुरुवार रात कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई से आए कव्वाल खलील साबरी एंड पार्टी ने अकीदतमंदों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

नगर के ईदगाह चौराहा स्थित दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार रात दरगाह शरीफ पर कव्वाली का प्रोग्राम हुआ। जिसमें मुंबई के कव्वाल खलील साबरी ने कव्वालियों और गजल का जादू बिखेर अकीदतमंदों को झूमने के मजबूर कर दिया। मेरे नबी से मेरा रिश्ता कल भी था और आज भी है, मुझे इश्क है कमली वाले से कव्वाली गाकर जमकर तालियां बटोरी। देर रात तक कार्यक्रम चला। ।कमेटी के अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने खलील साबरी का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। दरगाह शरीफ पर अकीदतमंदों ने माथा टेक कर कौम व मुल्क की सलामती की दुआएं मांगी। मुस्तकीम अहमद, काशिव अहमद, मुन्ना, मुदस्सिर, चन्ने मियां, अनस, मदसिर, फुरकान, आरिफ आदि मौजूद रहे।







## देवस्थान पर हुआ भंडारा विधायक हुए शामिल


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते विधायक विवेक वर्मा।

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कटैया देवी मंदिर पर संगठन प्रभारी बूथ अध्यक्षों की मीटिंग में आवश्यक विचार विमर्श करने के बाद 20-21 जुलाई को बीसलपुर में होने वाले प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देने के बाद विधायक विवेक वर्मा, पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा के साथ बसई पुरैना भीटा बाबा देवस्थान पर चल रहे भंडारे में शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विधायक का धर्म वीर दीक्षित, चंद्रपाल प्रधान, संजीव कुमार मौर्य, लालाराम गंगवार, मुन्नालाल गंगवार,ओमसरन मौर्य, नरेन्द्र शर्मा, सरदार लखविंदर सिंह लक्खा,बाबा रामदास, बाबा चैतन्य दास आदि ने स्वागत किया।

# किसान पाठशालाओं के आयोजन पर लगी रोक हटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नया रोस्टर जारी, अब 392 ग्राम पंचायतों में 25 जून तक आयोजित होगीं किसान पाठशालाएं
- भीषण गर्मी के दृष्टिगत शासन ने 27 मई से होने वाली किसान पाठशालाओं पर लगा दी थी रोक

अमृत विचारः भीषण गर्मी के चलते शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में होने वाली किसान पाठशालाओं के आयोजनों पर लगाई गई रोक हटा ली गई। इधर अब शासन द्वारा किसान पाठशालाओं के आयोजन को लेकर नया रोस्टर जारी किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक जनपद की 392 ग्राम पंचायतों में 25 जून तक किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

शासन के निर्देश पर कृषि विभाग की ओर से जनपद के सभी ब्लॉकों की 392 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाना था। इन किसान पाठशालाओं का आयोजन 27 मई से शुरू होना था। दो सत्रों में आयोजित की जाने वाली किसान पाठशालाओं को लेकर सहायक तकनीकी प्रबंधक, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक, तकनीकी सहायक आदि को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका था, लेकिन भीषण गर्मी के दृष्टिगत शासन ने 27 मई से शुरू होने वाली किसान पाठशालाओं के आयोजन पर रोक लगा दी थी। जिसके चलते किसान पाठशालाओं के आयोजन को लेकर विभागीय स्तर पर की गई तैयारियां धरी रह गई थी। इधर अब शासन ने किसान पाठशालाओं के आयोजन पर लगी रोक को हटा लिया है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक शासन ने ग्राम पंचायत में किसान पाठशालाओं का आयोजन कराने के आदेश दिए हैं। जनपद की 392 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन 25 जून तक किया जाना है। गुरुवार से किसान पाठशालाओं के आयोजनों की शुरूआत कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक इन किसान पाठशालाओं में मास्टर ट्रेनरों द्वारा किसानों को धान रोपाई , दलहन, तिलहन उत्पादन, प्राकृतिक खेती के सिद्धांत, कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं, श्री अन्न (मिलेट्स) के महत्व, उपयोगिता, पराली प्रबंधन, एफपीओ, डिजिटल क्रॉप सर्वे, आपदा प्रबंधन आदि की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अतिरिक्त समन्वय वाले विभागों उद्यान, गन्ना, पशुपालन, रेशम एवं मत्स्य आदि की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इधर देवीपुरा गांव में आयोजित हुई किसान पाठशाला में उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सविता ने किसानों को धान रोपाई समेत प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों और इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया।


देवीपुरा गांव में हुई किसान पाठशाला में जानकारी देते उप निदेशक कृषि।

> शासन ने हीट वेव के प्रकोप को देखते हुए पूर्व में किसान पाठशालाओं के आयोजन पर रोक लगा दी थी। अब शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन शुरू कराया गया है। रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन कराया जाएगा। – संतोष कुमार सविता, उप निदेशक कृषि

बवासीर
भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने खेत में शव रख किया प्रदर्शन, पुलिस के समझाने पर माने परिजन

संवाददाता, मितौली

- झुलसा शव देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बुजुर्ग की जान चली गई। वह पशुओं के लिए घास काटकर वापस घर आ रहा था। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद से लोगों में भारी गुस्सा है। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ ही खेत में शव रखकर कर प्रदर्शन किया। लापरवाह बिजली अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस और संभ्रांत लोगों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिवार वाले शांत हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव डहर के निकट बहोरी पुरवा गांव निवासी रामपाल (60) पुत्र धनीराम भार्गव शुक्रवार सुबह अपने मवेशियों के लिए घास काटने के लिए खेतों की तरफ गए थे। घास लेकर वह वापस पैदल घर आ रहे थे। तभी वह खाली पड़े गेहूं के खेत में पड़े 11000 केवीए की लाइन के तार के चपेट में आ गए और उनकी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जमीन पर पड़ा तार और झुलसा शव देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास करने लगी। परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया और ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करने लगे।

उनका कहना था कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जाए और लापरवाह बिजली विभाग के अधिकारियों और कार्रचारियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसके बाद ही वह शव का पोस्टमार्टम कराएंगे। मौके पर मौजूद खम्हरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर, डहर प्रधान प्रतिनिधि, सचिन सिंह, नितिन सहित प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

सभी पंजीकृत फर्मो एंव आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जैतपुर शरीफपुर, विकास खण्ड मझगवां (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय दिनांक 11.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 12.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

अंगद राम (प्रधान) राजदीप कुमार (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढकौरा वि.खं. मझगवां (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एंव आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढकौरा, विकास खण्ड मझगवां (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय दिनांक 11.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 12.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

नीरज (प्रधान) राजदीप कुमार (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत धीरपुर वि.खं. मझगवां (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एंव आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धीरपुर, विकास खण्ड मझगवां (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय दिनांक 11.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 12.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

नेत्रपाल (प्रधान) राजदीप कुमार (सचिव)

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार

पिछले दशक में हमने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर की 1500 यूनिवर्सिटी का सर्वे करने के बाद वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 जारी की गई है। वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान शामिल हैं जबकि 2015 में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इसमें शामिल थे। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में इस संख्या में 318 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और एशिया में चीन व जापान के बाद सबसे ज्यादा संस्थान भारत के हैं। रैंकिंग के अनुसार भारतीय आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष रैंक बरकरार रखी है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विभिन्न मानदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है जिसमें शैक्षणिक और नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय/छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। वास्तव में भारत में शिक्षा का मात्रात्मक विस्तार तो हुआ है, लेकिन गुणात्मक मोर्चे पर यह अभी भी पीछे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लचीले समुदायों का निर्माण करती है और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक समाज बनाने में योगदान देती है। यह नागरिक जीवन में सहिष्णुता, समझ और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।

शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरी की संभावनाओं, स्थायी आजीविका और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करती है। यह नवाचार है रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। हाशिए के समुदायों में रहने वालों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अब जब प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आगामी राजग सरकार अगले दस वर्ष में सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में देश के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, यह उपयुक्त समय है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जाए और ऐसा आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया जाए जो उत्तरदायी एवं प्रासंगिक हो।

# विचारधारा को रूढ़ि बना लेना है जड़ता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है।

विचारधारा मनुष्य के लिए अथवा मनुष्य विचारधारा के लिए? विचारधारा मनुष्य की ही है और मनुष्य के लिए है। मनुष्य जीवन विचारधारा के लिए नहीं है। विचारधाराओं का केंद्र मनुष्य है। मनुष्य जीवन का केन्द्र विचारधारा नहीं है। कोई भी विचारधारा यदि मनुष्य की गति को बाधित करती है तो वह पैरों की बेड़ी है। मनुष्य की युगयात्रा में न जाने कितनी विचारधाराएं आई थीं, बीत गईं, फिर नई विचारधाराएं आएगी, आती रहेंगी।

किसी भी विचारधारा को रूढ़ि बना लेना जड़ता है। यह तो कोई नहीं चाहेगा कि मनुष्य फिर से पाषाण-युग के अंधेरे में चला जाए! विकास हो, अवश्य हो, पर मनुष्य और प्रकृति का सामंजस्य बना रहे, मनुष्य और मनुष्य के बीच समरसता और सामंजस्य बना रहे। भारतीय मनीषा हाथ उठाकर कह रही है कि जीवन की पूर्णता प्रकृति की समग्रता के बीच है। मनुष्य जीवन प्रकृति रूपी वृक्ष का फल है, प्रकृति से विच्छिन्न नहीं है। बहुत से लोग अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं, सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टेक्नोलॉजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव व्यवहार भी वैसा ही होगा। इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों।

आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं। एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार भूमि पर अनुसंधान कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार सरणि का अंतिम गंतव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है जिनमें अत्यंत कष्टपूर्ण जीवन है।

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा यूक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने-सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया। ध्यान में रखने की बात है कि परंपरा भी परिवेश है।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है। देशकाल भिन्न होंगे तो धर्म-संस्कृति का भिन्न होना स्वाभाविक ही है, किंतु यदि उनकी आत्मा पर ध्यान केंद्रित करें तो जो बात सामने आएगी, वह मनुष्य और मनुष्य तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच समन्वय के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

हां, धर्म संस्था व्यष्टि और वर्ग स्वार्थ से प्रेरित होती है और धर्म की कुत्सित व्याख्या करना उसका व्यापार होता है। समय बदलने पर वह धर्म विरुद्ध को ही धर्म बतलाती है। लोग रूढ़ि के कारण अधर्म को ही धर्म समझ लेते हैं -अधर्मे धर्म विभ्रमः। मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? मानवशास्त्रियों ने जीवन के दो महत्वपूर्ण निर्णायक तत्व माने हैं- आनुवंशिकता और जीवन का परिवेश। ये दोनों ही तत्व व्यक्ति जीवन को प्रेरित-उत्तेजित-निर्देशित करते हैं। उसे बनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं। जीवन को मोड़ देते हैं। कठिनाई आने पर फैसला कर देते हैं। आनुवंशिकता भी एक वास्तविकता है? कुछ कहावतें पढ़ रहा हूं-नानी की टेव धेवती में आईं! मूसे के जाए तो बिले ही खोदेंगे! मछली के बच्चनें तैरबौ को सिखाबै? मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? यह बहस बहुत पुरानी है। आनुवंशिकतावादी-विचारकों का निष्कर्ष है कि आनुवंशिकता ही मनुष्य की प्रतिभा तथा गुणों का निर्णायक तत्व है। शारीरिक मानव शास्त्रियों ने इस प्रश्न को यों सोचा था कि नस्ल जनता की संस्कृति को ढालती है या जनता की संस्कृति नस्ल को?

द्वितीय महायुद्धःनस्लवाद। इस संबंध में नस्लवादियों ने कहा था कि आनुवंशिकता और शारीरिक प्रारूप संस्कृति को निर्धारित करते हैं। राजनीति में आकर यह सिद्धांत अपने उग्र रूप में नात्सीवाद के नस्ली सिद्धांतों में व्यक्त हुआ था। यह औपनिवेशिक शासन का समर्थन करने वाली विचारधारा थी और आगे चलकर द्वितीय महायुद्ध का कारण भी बनी। इसके विपरीत परिवेश वादियों का निष्कर्ष है कि मनुष्य जीवन का निर्णायक तत्व परिवेश है। परिवेशवादियों के भी तीन ग्रुप हैं-भौगोलिक निर्णायकवादीः जो मानते हैं कि भौगोलिक परिवेश मानव शरीर पर ही प्रभावी नहीं है, अपितु संस्कृति का भी निर्णायक तत्व है।

भौगोलिक निर्णायकवाद :अफ्रीका के लोग काले और योरोप के गोरे। दक्षिण के, बंगाल के, नेपाल के, पंजाब के लोगों को देखते ही पहचाना जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेशवादी संस्कृति को निर्णायक तत्व मानते हैं जबकि तीसरे ग्रुप के महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि संस्कृति ही नहीं मनुष्य के सामाजिक संबंधों का निर्णायक तत्व भी उत्पादन प्रणाली और अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। दिन रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोक जीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है?

## प्रसंगवश

# मैं अयोध्या हूं

आज जो अयोध्यावासियों को अपशब्द कह रहें, उनसे बात कर रही हैं अयोध्या जी... मैं अयोध्या हूं। वह अयोध्या जिसने निर्माण और विध्वंस के हजार किस्सों को सरयू के पानी में बहते हुए देखा है। वह सरयू जिसने मेरे हर आंसू को अपने पानी से छिपाया है और मेरी हर खुशी को लहरों की उथल-पुथल से प्रकट किया है।

मैं वह अयोध्या हूं, जो कभी निराश नहीं हुई। मुझे साकेत कहा गया, मुझे कौशल की राजधानी बनाया गया तो मुझे अवध जागीर के फैजाबाद का दिल कहा गया, मगर मैं तो पहले से आखिर तक अयोध्या ही तो हूं। मैं वह अयोध्या हूं जिसके आंगन में राम ने जन्म की पहली थाप दी। मैंने कौशल्या के मां बनने की मुस्कान को देखा है। एक बालक, जिसे अपने भाई बहन से अथाह प्रेम था, उन राम को अपने आंगन में बड़ा होते देखा है। मेरे ही पहलू में गुरु वशिष्ट के वह पाठ भी थे, जिन्होंने कितने ही ऐतिहासिक अध्याय निखारे।


हफीज किदवई
लेखक

मेरे ही सामने तो दशरथ ने गले लगकर राम को अपना उत्तराधिकार दिया। मेरे ही सामने सीता बहु बनकर आईं। मैंने अपने राम का विरह भी तो देखा। यहां सुनो मेरे दर्द की पहली कहानी। राम, जो मेरा मान थे। मेरे ही सीने से दूर किए जा रहे थे, जिसे हमने नाजों से पाला था, उसे वनवास दिया जा रहा था। मैं ही वह अयोध्या थी, जो चीख-चीख कर रो रही थी। मगर राम के एक इशारे पर हमने अपना सारा दर्द सीने में दबा लिया, सारे आंसू सरयू में बहा दिए और आंखे उधर सजा दीं, जिधर से राम को वापिस आना था। इस दुनिया में वह मिट्टी का टुकड़ा भला कौन है जिसने खड़ाऊ के शासन को स्वीकारा। मैं वह अयोध्या थी, जो अपने राम के खड़ाऊ मात्र के सामने झुकी खड़ी रही। हम थे वह अयोध्यावासी जिन्होंने अपने राम के बिना उस सिंघासन पर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं किया। हमने वनवास के दर्द को तो वापसी की दीवाली भी देखी है। हमने अपने राम को जन्मते देखा है। हम वह अयोध्या हैं जिसने बुद्ध को देखा है। बुद्ध के युग को देखा है। बुद्ध के प्रताप को देखा है। बुद्ध के ज्ञान को देखा है।

मैं वह अयोध्या हूं जिसने महावीर जैन और तमाम तीर्थंकर को भी देखा है। जैन मुनियों के ज्ञान और विचरण को देखा है। हमने तो अपने पहलू में मुगलों को भी आते देखा है। अपने सीने पर मंदिर बनते, मंदिर टूटते देखा है। मस्जिद बनते, मस्जिद टूटते देखा है, मठ बनते, मठ टूटते देखा है, स्तूप बनते, स्तूप टूटते भी देखा है। हमने नवाबों की हुकूमत भी देखी है। हम हैं अयोध्या जिसने इस देश की हर करवट को बहुत करीब से देखा है, मगर जों नही देखा था, वह अब देख रहे हैं। इतना कुछ बदला, एक से एक हुक्मरान आए, धर्मगुरु आए, विचार आए और गए मगर कभी अयोध्यावासी गाली नहीं खाए।

कभी किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की अयोध्यावासियों पर उंगली उठाकर उनके गर्व को धिक्कारे। मैं हूं वह अयोध्या जिससे वनवास जाते राम ने पलटकर कभी एक शिकायत भी नहीं की। हां मैं हूं वह अयोध्या जिसका आंचल सरयू है, उस सरयू में जब राम विलीन हो रहे थे, तब भी किसी ने अयोध्यावासी को अपशब्द नहीं कहे। अयोध्या जो पीड़ा सहती रही है, उसका मोल आजकल की कुर्सी की दीमक क्या ही समझेंगी! अयोध्या जिस बात पर मुस्कुराती है, उसकी मुस्कुराहट नफरत से भरे दिल भला क्या ही समझेंगे।

मैं फिर कहती हूं, मैं अयोध्या हूं। मुझे बनने से आजतक कभी भी ऐसे अपशब्दों का सामना नहीं करना पड़ा, जो अब हो रहा है। आज एक अदद कुर्सी तुमसे क्या छीनी, तुम छिन्न-भिन्न हो गए। तुम त्यागी अविनाशी अयोध्या को क्या ही जानोगे। सच तो यह है कि मुझे अपशब्द कहने वाले ही मेरे योग्य नही हैं, मगर मैं अयोध्या हूं, तुम्हारे इस दुस्साहस को भी क्षमा करूंगी, क्योंकि मेरा हृदय मेरे राम जैसा है।

मेरे बारे में एक बात और जान लो, मैं तुम्हारे दस रुपये की पानी की बोतल और बीस रुपये के नमकीन और चंद रुपल्ली के टूरिज्म से जीवित नहीं रहती हूं। मैं अयोध्या हूं, तुम जब नहीं थे, मैं तब भी गर्व से जीती थी, अब होकर भी न हो, तब भी गर्व से ही जिऊंगी। मैं और मेरी सरयू का पानी इतना सक्षम है कि हर अयोध्यावासी को हर विपरीत स्थिति में उनका साथ निभाए। मैं कल भी अवधेश के साथ थी, आज भी हूं, कल भी रहूंगी, तुम मेरे पर्याय को कभी नहीं समझोगे। तुम अपने अहंकार, कुर्सी की लालच और नफरत की आग में जलो, मगर मैं दुनिया को मर्यादा, प्रेम, सहिष्णुता, बराबरी और त्याग का संदेश देती रहूंगी। मैं अयोध्या थी, अयोध्या हूं और सदैव अयोध्या रहूंगी।

# गठबंधन के दो कमजोर बंधन


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी।

देश की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस चुनावी नतीजे की बुनियादी बात ये है कि आप जनता को और पूरे तंत्र को हल्के में लेंगे और जिस तरह से चाहेंगे, वैसे चलाने की कोशिश करेंगे तो जनता ये शायद पसंद नहीं करती। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि मोदी जी के दस साल के कार्यकाल में सत्ता में किसी की भागीदारी नहीं थी, सिवाय खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के। अब वो सत्ता में भागीदारी बढ़ाएंगे, लोगों की सुनी जाएगी तो सरकार चल पाएगी।

2002 से 2024 तक तीन बार मुख्यमंत्री रहते और दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने एकछत्र राज किया। अब अचानक तालमेल और सहमति की राजनीति करना एक चुनौती होगी। अब वो इस नई भूमिका को कितना अपना पाते हैं उसी पर इस सरकार का टिकाऊपन निर्भर करता है। यानी सरकार के गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और वाजपेयी मॉडल अपनाएंगे तो ये सरकार चला पाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि गठबंधन में तालमेल बिठाने की वाजपेयी की कुशलता ने पांच साल तक स्थिर सरकार दी।

पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 303 सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था, परंतु इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में हैं। नीतीश कुमार का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती, लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें? विपक्ष के पास एक उम्मीद है कि बीजेपी के ये दो दल साइड बदल सकते हैं और यही बीजेपी के लिए चिंता भी होगी। अतीत में नायडू ने केंद्र में तीन सरकारें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली एच डी देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में 1996-1998 में आई के गुजराल की सरकार, इसके बाद दो बार अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाई।

भारत में गठबंधन राजनीति का शासन और नीति पर मिलाजुला प्रभाव रहा है। एक और गठबंधन सरकारों ने 1990 के दशक की आर्थिक उदारीकरण और यूपीए शासन के तहत सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सुधारों और नीतियों का सफलतापूर्वक लागू किया है। दूसरी ओर गठबंधन की गतिशीलता ने कभी-कभी आर्थिक सुधारों, रक्षा खरीद और बुनियादी ढांचा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक कार्रवाई को बाधित किया है। गठबंधन सरकारों में स्वाभाविक रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच समझौता और बातचीत की आवश्यकता होती है। यह किसी एकल दल के प्रभुत्व पर अंकुश लगा सकता है जिससे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा मिलता है। सहमति की आवश्यकता अधिक विचारशील और सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की आड़ ले जा सकता है। एक गठबंधन सरकार में मंत्री पदों का आवंटन अक्सर गठबंधन भागीदारों का समायोजित करने में शामिल होता है। कभी-कभी योग्यता और दक्षता की कीमत पर। इससे शासन की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता में समझौता हो सकता है, जो सरकार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जहां गठबंधन सरकार तानाशाही को रोकने में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है, वे चुनौतियों से मुक्त नहीं है।

सहमति की आवश्यकता नीति गतिरोध और धीमे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को जन्म दे सकती है। इसके अतिरिक्त, गठबंधन सरकार की स्थिरता अस्थिर हो सकती है, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच असहमति सरकारी अस्थिरता या यहां तक कि पतन का कारण बन सकती है। एक ऐसे युग में जहां लोकतांत्रिक मूल्य बढ़ते खतरे में हैं, गठबंधन सरकारें तानाशाही शासन के खिलाफ एक मजबूत तंत्र प्रदान करती हैं। कई पार्टियों के बीच शक्ति साझा करके और बातचीत तथा उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर, गठबंधन सरकारें लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। यद्यपि उनकी जटिलताएं कम नहीं हैं।

## सोशल फोरम

# वक्त से मात खा गए

एक्स बिजली कर्मी रहा हूं, लेकिन फिर भी हमेशा डर लगा रहता है कि ऐसा न हो कि हम दोस्त से बिंदास गले मिलकर हाल-चाल पूछें और वो पलटवार कर दे-आप बिजली वालों के राज में जी रहे हैं, बस। बिजली वालों की गलतियों और हिमाकतों को डिफेंड करते-करते हमारी तो बैंड बज चुकी है।

किसी का बिल ठीक कराना टेढ़ी खीर है। बिल ठीक करने वालों ने अपने पिताजी की नहीं सुनी तो हम रिटायर कर्मी की क्या सुनेंगे? जब-जब बत्ती जाती है तो मेमसाब और बच्चे बत्ती वालों की पुंगी बजा देती हैं। लपेटे में हम भी आ जाते हैं। वैसे गर्मियों में बिजली की आवाजाही ज्यादा रहती है। सप्लाई कम और लोड ज्यादा। घर-घर में एयर कंडीशनर लगा है।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

बेचारे बिजली कर्मी चाहे तप्ती धूप हो या अंधेरी रात, आंधी हो तूफान, जुटे रहते हैं फाल्ट तलाश कर उसे ठीक करने में। बिजली महंगी होती है तो मोहल्ले के तमाम लोग वाले हमें घूर कर देखते हैं। उस दिन एक मित्र के घर गए। अभी बैठने को हुए ही थे कि बिजली चली गई। कमेंट सुनने को मिल गया लो आप आए और बत्ती गई। हमें याद आता है कि 1963 में लखनऊ की बिजली सप्लाई एक प्राइवेट कंपनी मार्टिन बर्न के हवाले थी जिसका मुख्यालय कलकत्ता में होता था। उन दिनों हम लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने मल्टी स्टोरी रेलवे कॉलोनी में रहते थे। हमारी कॉलोनी की बिजली रेलवे स्टेशन से जुड़ी थी। मौजां ही मौजां थी।

बिल का पेमेंट पिताजी के वेतन से कट जाता था। छटे-छमाही ही बत्ती गुल होती थी, लेकिन जब जाती थी तो कई-कई घंटे नहीं आती थी। उस जमाने के लोग भी बड़े सब्र वाले होते थे। बर्दाश्त कर लेते थे। उस दौर में न तो हर किसी के घर एयर कंडीशनर था और न हीटर गीजर, न टीवी और न वाशिंग मशीन। रेडियो भी चुनिंदा घरों में था। आजकल तमाम घरों में इंवर्टर जनरेटर लगा है, मगर दस मिनट बिजली न आए तो परेशान हो जाते हैं। अरे भई एयर कंडीशनर तो बिजली से चलेगा, इंवर्टर से नहीं। इधर बिजली से चलने वाले ऐशो आराम के आइटम बढ़ रहे हैं, लेकिन उस हिसाब से बिजली का प्रोडक्शन नहीं। बस बिजली वाले यहीं वक्त से मात खा गए।

-फेसबुक वॉल से

# बापू, लोकसभा चुनाव और वाल्मीकियों की उदासी


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जब राजधानी ने पिछली 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तब यहां के मंदिर मार्ग स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर में उत्साह और उम्मीद का माहौल था। इस वाल्मीकि मंदिर का गांधी जी से भी गहरा संबंध रहा है। वे यहां रहे थे। यहां पाकिस्तान से भी वाल्मीकि आते रहे हैं। वाल्मीकि मंदिर का कामकाज देखने वाले कृष्ण विद्यार्थी और उनके साथियों को उम्मीद थी कि ईस्ट दिल्ली का चुनाव नतीजा मील का पत्थर साबित होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने वाल्मीकि समाज से संबंध रखने वाले अपने दिल्ली विधानसभा के सदस्य कुलदीप कुमार को गैर-आरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया। जाहिर है यह एक बड़ा फैसला था।

हालांकि जब 4 जून को कुलदीप कुमार की हार की खबर आई, तो कृष्ण विद्यार्थी और वाल्मीकि समाज के दिल टूट गए। एक सफाई कर्मी के पुत्र, कुलदीप कुमार का बचपन कठिनाइयों से भरा था। कुलदीप कुमार का परिवार यूपी के मोदीनगर से है। राजधानी में अधिकांश वाल्मीकि परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से या हरियाणा से आकर बसे थे। बापू, 214 दिन और बाबा साहेबः गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले कुलदीप कुमार पहले नगर निगम पार्षद बने और फिर विधायक। राजधानी के दिल में स्थित मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर है, जहां महात्मा गांधी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक 214 दिनों तक रहे। देशभर के वाल्मीकि समाज के लिए यह बेहद अहम स्थान है।

महात्मा गांधी शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को इसी वाल्मीकि मंदिर से की थी। नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरुआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

पाकिस्तान के भी वाल्मीकिः वाल्मीकि मंदिर में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के भी वाल्मीकि और कुछ ईसाई भी पहुंचते रहे हैं कृष्ण विद्यार्थी से मिलने के लिए। ईसाई भी? पाकिस्तान के पंजाब सूबे के ईसाई समाज का अध्ययन करने वाले दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि "पाकिस्तान के पंजाब सूबे के लगभग सभी ईसाई मूल रूप से वाल्मीकि थे। वे ईसाई बनने के बाद भी ज्यादातर मामलों में सफाई कर्मी ही हैं। भारत के विपरीत, उनके पास रोजगार या शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अभाव है। उनक जीवन में सिर्फ अंधेरा है।" दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान में गांधी जैसा कोई मसीहा नहीं हुआ, जिन्होंने वाल्मीकि समुदाय को मैला उठाने के काम से मुक्ति दिलवाने की दिशा में सोचा हो। अगर भारत में वाल्मीकि समाज को गांधी का सहारा न मिलता तो कुलदीप कुमार जैसे नौजवान अपने पुरखों के काम को ही कर रहे होते। कहने की जरूरत नहीं है कि हिन्दू समाज के सामाजिक पिरामिड में वाल्मीकि सबसे निचले पाएदान पर माने जाते हैं। अपने घर के आसपास की किसी भी वाल्मीकि बस्ती में जाएं तो आपको मालूम चल जाएगा कि यह समाज कितनी विषम परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। ये अब भी प्रायः मैला उठाने से लेकर कचरे की सफाई के काम से ही जुड़े हैं। यह इतना महत्वपूर्ण काम भी मेहनत और तन्मयता से करते है, यह देखकर आपके मन में इनके लिए सम्मान के भाव के अतिरिक्त कुछ नहीं आ सकता।

# अयोध्या के अवधेश


ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

अयोध्या वालों को कोसना बेकार है। गैर भाजपा से जीतने वाले, अवधेश पासी भी को उन्हीं राम ने बनाया है, जिनने हम सबको बनाया है। राम पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और का। संभव है, वे जन्म-जन्मांतर के किसी जीवन में राम के अति निकट रहे हों या कौन जाने इसी जीवन में राम के प्रति उनका सच्चा समर्पण और कठिन साधना रही हो जिसका उन्हें सुफल मिला है। (ध्यान-साधना नितांत व्यक्तिगत एवं गोपनीय चीजें हैं। न इनका बखान किया जाता है, न ही प्रदर्शन।)

राम की आन थी कि जो भी उनकी शरण में आता था, उसकी वे रक्षा करते थे। कहते हैं, जब रामेश्वरम का सेतु बन चुका था और लोग राम के नाम का गुणगान कर रहे थे, उसी समय रावण मंदोदरी को अपनी महिमा दिखाने के लिए मंदोदरी को लेकर समुद्र तट पर आया। उसने एक पत्थर उठाया, उसे मुंह तक ले जाकर कुछ कहा और फिर जब उसे समुद्र में छोड़ा, तो वह पत्थर भी तैरने लगा। मंदोदरी ने यह देखा, तो उसने अतीव विस्मित होकर कहा, "नाथ! आपने कौन सा मंत्र पढ़ा था कि यह पत्थर तैरने लगा।" रावण ने कहा, "मैंने पत्थर के कान में कोई मंत्र नहीं पढ़ा था, बस यह कहा था कि राम यदि तुम्हारा नाम सच्चा है तो तुम्हें अपने नाम की सौगंध है, यह पत्थर भी डूबे नहीं, तैरने लगे।"

संभव है, अवधेश ने भी राम को सच्चे मन से ध्यान कर कुछ ऐसा ही किया हो। फिर एक बड़ी बात यह भी कि दोनों ही अवधेश ठहरे। दाता भी अवधेश और याचक भी अवधेश। राम को कोल, किरात, भील, पासी वैसे भी अधिक प्रिय रहे हैं। ऐसे में एक अवधेश की सहायता दूसरा अवधेश नहीं करता, तो कौन करता।

# लोगों ने मोदी को जनादेश नहीं दिया

चेन्नई, एजेंसी

• द्रमुक के तमिल मुखपत्र मुरासोली ने लिखा मोदी को लेनी चाहिए असफलता की जिम्मेदारी

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने शुक्रवार को दावा किया कि लोगों ने नरेन्द्र मोदी को देश में शासन करने के लिए जनादेश नहीं दिया है बल्कि परिस्थितियों के चलते वह दूसरों की मेहरबानी के सहारे प्रधानमंत्री बन जाएंगे। द्रमुक ने मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लिए तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जद (यू) समेत राजग सहयोगियों से मिले समर्थन की ओर इशारा किया।

द्रमुक के तमिल मुखपत्र मुरासोली ने अपने संपादकीय में कहा कि मोदी ने भगवान के नाम पर वोट मांगे और जब उनका अभियान सफल नहीं हुआ तो उन्होंने दावा किया कि वह भगवान के अवतार हैं लेकिन अब वे तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार के समर्थन के कारण ही प्रधानमंत्री बनेंगे। संपादकीय में कहा गया है कि अब बड़े-बड़े दावे करना बंद करो। भारतीय लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करें। एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो आंसुओं और चिंताओं से मुक्त हो। वही काफी है। इसमें कहा गया है कि लोस चुनाव के दौरान मोदी ने कहा था कि उनकी पार्टी अकेले 370 सीट जीतेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संपादकीय में कहा गया है, हम अपनी आंखों से भाजपा को रसातल में जाते हुए देख रहे हैं। इसमें कहा गया है, इस तरह की असफलता और हार के लिए अकेले मोदी को ही जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## पुणे के छात्रावास में लगी आग, चौकीदार की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार कुमठेकर रोड पर बालिका छात्रावास के चार मंजिला इमारत में आग लग गई। पुलिस के अनुसार इमारत के भूतल पर गुरुवार देर रात आग लग गई। नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र पोटफोडे ने बताया कि दमकलकर्मियों ने सीढ़ी की मदद से सभी 40 छात्राओं को बचाया और आग पर काबू पाया। चौकीदार सागर कुलकर्णी कमरे में बेहोश मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## ईवीएम को नुकसान पहुंचाने के मामले में गिरफ्तार विधायक को अंतरिम जमानत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की एक अदालत ने 25 मई को मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार खुर्दा के नवनिर्वाचित विधायक प्रशांत जगदेव को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। जगदेव को 9, 10 एवं 11 जून के लिए जमानत दी गई है और उनसे 12 जून को अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा गया है।

जगदेव के वकील प्रभात दास ने कहा, हमने 10 जून को उनके शपथ ग्रहण समारोह के लिए और उनके रिश्तेदार के निधन के कारण एक महीने की (अंतरिम) जमानत का अनुरोध किया था लेकिन खुर्दा जिला अदालत ने उन्हें केवल तीन दिन की जमानत दी। दास ने कहा कि उनके मुवक्किल अपनी जमानत अवधि बढ़ाने और नियमित जमानत के लिए उड़ीसा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। जगदेव को खुर्दा जिले के बेगुनिया विधानसभा क्षेत्र के कौरीपटना गांव में एक मतदान केंद्र पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाने और दो मतदान कर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में 26 मई को गिरफ्तार किया गया था। इस सीट के लिए 25 मई को मतदान हुआ था।

## त्रिपुरा में 70 लाख का मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में अलग-अलग घटनाओं में 70 लाख रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। प. त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने बताया कि त्रिपुरा पुलिस और बीएसएफ के एक संयुक्त दल ने बांग्लादेश सीमा से सटे सेपाहिजाला जिले के माटीनगर गांव में एक मकान पर छापा मारा और याबा (एक प्रकार का मादक पदार्थ) की 20,000 से अधिक गोलियां जब्त की गईं, जिसका मूल्य करीब 20 लाख रुपये है। एक पिस्तौल और चार कारतूस भी जब्त किए। मकान मालिक सलेम भुइयां (51) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इस बीच उत्तरी त्रिपुरा जिले के चूराईबारी क्षेत्र में अगरतला से असम जा रही एक गाड़ी से 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य का गांजा जब्त किया गया।

## केरल में कार में आग लगने से एक व्यक्ति मौत

**कोझिकोड (केरल)।** उत्तरी केरल में कोझिकोड जिले में शुक्रवार को कार में आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे समुद्र तटीय क्षेत्र कोन्नाड में एक कार में आग लग गई और चालक अपनी सीट बेल्ट खोल नहीं पाने के अंदर फंस गया। स्थानीय लोग उसे नहीं बचा पाये। चालक की उम्र 50 साल के आसपास रही होगी। जब तक अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तब तक कार पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी।


### ग्राम पंचायत नरायनपुर विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरायनपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 11:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

मुन्नी देवी, ग्राम प्रधान — लाल बहादुर, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत पैनिया रामकिशन विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पैनिया रामकिशन की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 12:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सावित्री देवी, ग्राम प्रधान — सुमित कुमार, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत नौवा नगला विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नौवा नगला की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 1:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

इन्द्रपाल वर्मा, ग्राम प्रधान — रमावीर गंगवार, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत नवादा महेश विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवादा महेश की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 3:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

धर्मदास, ग्राम प्रधान — रमावीर गंगवार, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत रामनगर जगतपुर विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामनगर जगतपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

कुन्दन लाल, ग्राम प्रधान — रमावीर गंगवार, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत अधकटा विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अधकटा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, बाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउन्ड्रीवॉल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 4:00 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.06.24 को 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

रविन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान — सुमित कुमार, ग्राम पंचायत सचिव

### ग्राम पंचायत गाजीपुर कुन्डा विकास खंड बरखेड़ा कलां जिला पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहपुरा जागीर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत रहपुरा जागीर की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, गौशाला निर्माण, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 12 जून 2024 तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 13 जून 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-गयाश्री** **सचिव-छत्रपाल**

# मप्र में दलित सरपंच को पेड़ से बांधकर पीटा, एक गिरफ्तार

मुरैना, एजेंसी

- घटना के बाद पीड़ित ने गांव से किया पलायन

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक दलित सरपंच को एक पेड़ से बांधकर पीटा गया, जिससे उसे अपना पैतृक गांव छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि कौथरकलां पंचायत के सरपंच ने गुरुवार को पोरसा थाने में अपनी शिकायत में कहा कि पिछले दो साल से गुंडे उसे परेशान कर रहे थे, बदमाश चाहते थे कि वह अपना पद छोड़ दे। साथ ही अपना डोंगल उन्हें सौंप दे, जिसमें उसका डिजिटल सिग्नेचर पासवर्ड था। जब उसने उनकी मांगें मानने से इनकार कर दिया तो उसे तीन मई को कौथरकलां के बाहरी इलाके में ले जाकर पेड़ से बांधकर पिटाई की गई। अंबाह के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि दिवाकर सिंह तोमर और उसके भाई पिंकू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दिवाकर को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पीड़ित सरपंच ने बाद में अपना सामान चला गया।

## मानहानि मामले में अदालत मेधा पाटकर को एक जुलाई को सुनाएगी सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना की ओर से दर्ज कराए गए मानहानि के मामले में एक जुलाई को फैसला सुनाएगी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने पीड़ित प्रभाव रिपोर्ट (वीआईआर) प्रस्तुत की है। इसके बद उन्होंने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। यह रिपोर्ट अभियुक्त को दोषी ठहराए जाने के बाद पीड़ित को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तैयार की जाती है। इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष तक का साधारण कारावास या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अदालत ने 24 मई को शिकायत दर्ज होने के करीब 23 वर्ष बाद नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को उनके खिलाफ सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने कहा था कि सक्सेना को देशभक्त नहीं, बल्कि कायर कहने वाला और हवाला लेनदेन में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने वाला पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। सक्सेना ने एक टीवी चैनल पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और प्रेस को मानहानिकारक बयान जारी करने के लिए भी पाटकर के खिलाफ दो मामले दायर किए थे।

# मोदी के अपनी तुलना नेहरू से करने को हम खारिज करते हैं

चेन्नई, एजेंसी

- पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम बोले- एग्जिट पोल के माध्यम से लोगों को मूर्ख बनाया गया

कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनके लगातार तीसरे कार्यकाल की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित रिकॉर्ड से करने को खारिज कर दिया।

चिदंबरम ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी ने अपनी तुलना नेहरू से की है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 में 282 सीट, 2019 में 303 सीट और अब 240 सीट हासिल की हैं, लेकिन नेहरू की कांग्रेस को क्रमशः 361, 374 और 364 सीट मिलीं। चिदंबरम ने कहा, कि हम मोदी द्वारा खुद की तुलना नेहरू से करने को खारिज करते हैं। लोग भी इसे खारिज करेंगे। अपने विजय भाषण में मोदी ने कहा था, वर्ष 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है। चिदंबरम ने एग्जिट पोल के बारे में कहा कि लोगों को अनुमानों के माध्यम से मूर्ख बनाया गया, जो (सर्वेक्षण) चुनाव परिणामों से झूठे साबित हुए। उन्होंने दावा किया, कि कोई भी मतदान केंद्र के बाहर रुझान पूछने के लिए खड़ा नहीं था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने सर्वेक्षण के माध्यम से दावा किया कि भाजपा 350 या उससे अधिक सीट जीतेगी। इसका कारण यह है कि इसे एक जगह बनाया गया था और फोटोस्टेट प्रतियों को अन्य लोगों को वितरित किया गया। उन्होंने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लोगों को इंडी गठबंधन की शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया।

## आंधी में पेड़ गिरने से मां-बेटी की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के नीम का थाना जिले में गुरुवार रात तेज आंधी के कारण पेड़ गिरने से एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया। मेहदा के थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि प्रदीप अपने परिवार के सदस्यों के साथ पेड़ के नीचे सो रहा था तभी इलाके में तेज आंधी आ गई जिसके फलस्वरूप पेड़ उनके ऊपर गिर गया। उन्होंने कहा, घायलों को खेतड़ी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रदीप की बेटी काजल को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में काजल की मां सावित्री की भी मौत हो गई।

### क्षेत्रवार रिपोर्ट तलब करने के साथ मंत्रीगणों के कार्यों की भी होगी समीक्षा

# मंत्रियों से चुनाव परिणामों पर आज मंत्रणा करेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में उप्र. से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों के साथ बड़ी बैठक करेंगे।

इससे पहले दिल्ली में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राज्य में हार के कारणों पर मंत्रणा की। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान कहां-कहां चूक हुई या किस स्तर के नेता ने किन-किन क्षेत्रों में भितरघात किया की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का समय मिला है। इतना ही नहीं चुनाव ड्यूटी में निष्पक्षता न बरतने वाले पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों को भी चिन्हित किया जाएगा। वहीं, शनिवार को लखनऊ में होने जा रही बैठक में मुख्यमंत्री चुनाव परिणामों की क्षेत्रवार रिपोर्ट तलब करने के साथ मंत्रीगणों के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ राज्य मंत्रियों को भी बुलाया गया है। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा किए जाने के साथ मुख्यमंत्री आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

#### मोदी ने योगी की पीठ थपथपायी

दिल्ली में शुक्रवार को संसद के सेंट्रल हॉल में नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुनने पर योगी आदित्यनाथ ने नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए जब पुष्पगुच्छ भेंट किया, तो इस दौरान मोदी ने योगी की पीठ थपथपायी। बाद में योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोक सभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई। उनके यशस्वी नेतृत्व में एनडीए परिवार आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिवारीजनों की सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित है।

#### उप्र. के कई सांसद बन सकते हैं मंत्री

केन्द्र में तीसरी बार गठित होने वाली केन्द्र की एनडीए सरकार में प्रधानमंत्री उप्र. से गठबंधन साथी के दो और भाजपा के दो सांसदों को मंत्री बना सकते हैं। रालोद के दो सांसद चुनकर आए हैं जबकि पार्टी मुखिया जयंत चौधरी राज्यसभा सांसद हैं। जयंत मंत्रिपद के लिए अपना नाम भी प्रस्तावित कर सकते हैं। वहीं अपना दल (सोनेलाल) की ओर से अनुप्रिया पटेल फिर से मंत्रिमंडल में शामिल हो सकती हैं। बहरहाल, उत्तर प्रदेश से भाजपा और एनडीए के सांसदों की संख्या कम होने की स्थिति में इस बार मंत्रियों की संख्या भी कम होगी। समझा जा रहा है कि प्रधानमंत्री उप्र. से आने वाले दो विजयी भाजपा सांसदों को भी मंत्री बना सकते हैं।

## नीट रिजल्ट पर फूटा आक्रोश, सड़क पर उतरे मेधावी

**कानपुर, अमृत विचार :** नीट के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर शुक्रवार को सड़क पर प्रदर्शन किया। काकादेव में कोचिंग संस्थानों को बंद कराकर छात्रों ने दोपहर में नारेबाजी कर आक्रोश जताया। पुलिस ने छात्रों को शांत कराया। आक्रोशित छात्रों का कहना था कि दोबारा परीक्षा कराने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों ने बताया कि नीट 2024 का परिणाम 14 जून को घोषित होना था लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को ही परिणाम घोषित कर दिया है।

# आहत प्रेमिका, पत्नी व बेटी ने भी क्षेत्राधिकारी को पीटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पत्नी व बेटी ने क्षेत्राधिकारी व उनकी प्रेमिका को आपत्तिजनक अवस्था में देखा था
- प्रेमिका राजस्थान में है डॉक्टर कैब से पहुंची थी सीओ के आवास पर

**अमृत विचार:** बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी के कारनामे अब चर्चा में हैं। महिला मित्र के साथ आपत्तिजनक स्थित में क्षेत्राधिकारी पति को देखने के बाद पहले तो क्षेत्राधिकारी की बेटी और पत्नी ने महिला मित्र को जमकर पीटा। कुछ देर बाद हालात ऐसे बने कि उल्टे क्षेत्राधिकारी को उनकी महिला मित्र, पत्नी और बेटी ने एक साथ पीटना शुरू कर दिया। क्षेत्राधिकारी की महिला मित्र राजस्थान में डाक्टर है। वह उस दिन फ्लाइट से अयोध्या पहुंची थी और बाद में कैब करके क्षेत्राधिकारी के पास उसके सरकारी आवास पर पहुंची थी।

दरअसल महिला मित्र क्षेत्राधिकारी से लगभग पांच वर्षों से जुड़ी हुई बताई जा रही है। जब क्षेत्राधिकारी की पत्नी आवास में नहीं रहती थी तो वह सीधे आवास पहुंच जाती थी। उस दिन भी ऐसे ही हुआ। क्षेत्राधिकारी को यह नहीं पता था कि उसकी पत्नी और बेटी अचानक आवास पर आ धमकेंगी। जब पत्नी और बेटी आवास पर पहुंची तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी और उसकी महिला मित्र को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इस दौरान पत्नी और बेटी सबसे पहले महिला मित्र पर डंडे लेकर टूट पड़ीं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बीच बचाव तो करते रहे, लेकिन उन्होंने पत्नी के रौद्र स्वरूप को देखते हुए महिला मित्र को यह बोल दिया कि तुम मेरे पीछे क्यों पड़ी हो। कब मेरा पीछा छोड़ोगी। जब देखो तब पहुंच जाती हो। इतना सुनते ही महिला मित्र आहत हो गई और वह क्षेत्राधिकारी पर ही टूट पड़ी। इस दौरान पहले से पति पर नाराज पत्नी भी क्षेत्राधिकारी को डंडे से मारने लगी। बेटी भी पिता को मारने में सहयोग करने लगी। उधर, कुछ देर बाद आहत महिला मित्र कोतवाली पहुंची, लेकिन मामला स्वयं के क्षेत्राधिकारी के खिलाफ होने के कारण कोतवाल ने एफआईआर दर्ज करने से हाथ खड़ा कर दिया। फिर मामला एसपी कार्यालय पहुंचा तो एसपी ने जांच एडिशनल एसपी को सौंप कर स्वयं किनारे हो गए। रिपोर्ट आईजी रेंज के पास पहुंची तो उन्होंने गलत रिपोर्ट मानते हुए जांच दूसरे जनपद के एसपी को सौंप दी। हालांकि इस प्रकरण पर अधिकारी से प्रश्न पूछने पर सभी अधिकारी फोन काट दे रहे हैं।

# 3.25 लाख लोगों को पेंशन देने की तैयारी

### समाज कल्याण विभाग की ओर से अभी चार हजार वृद्धों को दी जा रही है पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- प्रदेश में 3 लाख 27 हजार लोगों ऐसे जो राशन कार्ड के बाद भी पेंशन से वंचित

**अमृत विचार:** प्रदेश में सवा तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। विभाग इनको पेंशन योजना का लाभ देने के लिए अब सर्वे कराएगा।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध नागरिकों को आर्थिक मदद देने के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी। योजना में आवेदन करने वाले वृद्ध नागरिकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। विभाग प्रदेश में अभी लगभग चार हजार लोगों को उक्त योजना के तहत पेंशन दे रहा है। प्रदेश में 3 लाख 27 हजार लोगों का राशन कार्ड बना है मगर उनको पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

हालांकि राशन कार्ड के तहत मिलने वाले अन्य लाभ कार्डधारकों को मिल रहे हैं। विभाग अब इनको पेंशन योजना से लाभान्वित करने की तैयारी में है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे कर उक्त राशन कार्ड धारकों के संबंध में रिपोर्ट दें। पात्रत्रा के दायरे में आने वाले राशन कार्ड धारकों के मुखिया का पेंशन दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा कि अगले माह तक पात्र लोगों से आवेदन कराकर इनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाए।

#### यह है पेंशन योजना का लाभ लेने के मानक

- उम्र- न्यूनतम- 60, या उससे अधिक
- लिंग- स्त्री0/पु0/ट्रांसजेंडर
- वर्ग- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ सामान्य/अल्पसंख्यक (समस्त वर्ग कोई बंधन नहीं)
- मूल निवास- लाभार्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए
- यदि आवेदक अन्य पेंशन योजनाओं से लाभान्वित है तो पात्र नहीं है
- बीपीएल कार्ड धारक या बीपीएल परिवार से होना चाहिए
- करदाता नहीं होना चाहिए
- वार्षिक आय- ग्रामीण क्षेत्र में रु0 46080/- और शहरी क्षेत्र में रु0 56460/-

## सर्वोदय विद्यालयों में जोमैटो की मदद से बनेगा आधुनिक मेस

डीपी.शुक्ल, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग एवं जोमैटो की संयुक्त पहल

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त मेस से ताजा भोजन और नाश्ता मिलेगा। प्रयोग के तौर पर विभाग यह व्यवस्था राजधानी के पारा क्षेत्र स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू करने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मेस के लिए जोमैटो ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतगर्त फंड दिया है। साथ ही व्यवस्था प्रबंधन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में इस समय 104 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को पूर्व की भांति ही भोजन और नाश्ते की व्यवस्था विभाग की तरफ से कराई जा रही है। भोजन में गुणवत्ता को लेकर मंत्री ने अफसरों के साथ मंथन करते हुए जोमैटो के साथ संपर्क कर आधुनिक मेस तैयार करने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार आधुनिक मेस की व्यवस्था की शुरुआत प्रयोग के तौर पर अभी पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू की जा रही है, बाकी विद्यालयों में यह व्यवस्था बाद में शुरू करने पर विचार किया जाएगा। जोमैटो ने 30 लाख रुपए की मदद करते हुए आधुनिक मेस के निर्माण में भी सहयोग करना शुरू किया है। यहां गुणवत्ता युक्त भोजन तो मिलेगा ही साथ में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए जाएंगे।



> आधुनिक मेस तैयार करने में जोमैटो सहयोग कर रही है। पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में अभी प्रयोग के तौर पर मेस को शुरू किया जा रहा है। बाद में प्रदेश के अन्य विद्यालयों में शुरू किया जाएगा। -असीम अरुण, राज्यमंत्री, समाज कल्याण

### फिर कोर्ट नहीं पहुंचे राहुल गांधी, 18 को सुनवाई



सुलतानपुर, अमृत विचार : विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष राहुल गांधी की अस्वस्थ होने के कारण मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया।वहीं इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने पक्षकार बनाने का प्रार्थना पत्र रिसीव करते हुए विरोध जताया। पक्षकार बनाने के प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 18 जून की तारीख नियत की है।

## अयोध्या दो बार के इतिहास के कारण हारी भाजपा

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा अयोध्या विधानसभा में जीती है, लोकसभा हारी है। यहां का जो इतिहास है, वह दो-दो बार का है। पार्टी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए भाजपा हार गई। ये बातें पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को कहीं। वो अयोध्या एक निजी कार्यक्रम शामिल होने के लिए पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यहां निर्मल खत्री भी दो बार जीते। स्व. मित्रसेन यादव भी दो बार जीते और अब लल्लू सिंह भी दो बार जीते। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से करण भूषण सिंह की जीत पर कहा कि ये करण की नहीं बल्कि अयोध्या के साधु - संतों की जीत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

# जेल से रिहा होने के बाद आजम से पत्नी तंजीम और बेटे अदीब ने की मुलाकात



आजम से मुलाकात कर जेल से बाहर आते अदीब और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह।



तंजीम फातिमा।

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अदीब सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। रामपुर जेल से छूटने के बाद पत्नी तंजीम फातिमा की आजम से यह मुलाकात अहम मानी जा रही है।

जेल में पत्नी और बेटे के साथ रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने भी एक साथ मुलाकात की है। जेल में पत्नी और बेटे को अपने पास पाकर आजम भावुक भी हुए। करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के दौरान पत्नी तंजीम से आजम का हाल जाना। इसके साथ ही बेटे और ओमेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर भी गहन चर्चा की। रामपुर जेल में बंद तंजीम फातिमा पर अन्य कोई केस होने के चलते 29 मई को जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से रिहा होने के बाद बेटे अदीब के साथ शुक्रवार को सीतापुर जेल पहुंचीं तंजीम फातिमा ने आजम से मुलाकात कर उनका हाल जाना। जेल में मुलाकात के दौरान पत्नी और बेटे ने आजम को खाने की चीजों के साथ दवाइयां भी दीं। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद आजम को अपना ख्याल रखकर अलविदा कहकर पत्नी और बेटे सहित पूर्व जिलाध्यक्ष सहित वापस रामपुर के लिए रवाना हो गये। 26 फरवरी 2020 को सीतापुर जेल में बंद हुईं तंजीम फातिमा अपने पति आजम और बेटे अब्दुल्ला के साथ सीतापुर जेल में करीब 298 दिनों तक जेल में रही थीं। आजम खां सीतापुर जेल में बीती 22 अक्टूबर 2023 से बंद हैं।

### गर्भगृह के प्रथम तल पर लगेंगे स्वर्ण जड़ित दरवाजे

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल के गर्भगृह में लगने वाले दरवाजे को भी स्वर्ण जड़ित किए जाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर के प्रथम व द्वितीय तल में 12-12 दरवाजे लगेंगे। इनका निर्माण रामघाट स्थित रामसेवकपुरम कार्यशाला में महाराष्ट्र के सागौन की लकड़ियों से किया जा रहा है। राममंदिर के भूतल में 18 दरवाजे लगाए हैं। इनमें से गर्भगृह के दरवाजों को स्वर्ण जड़ित किया गया है। उसी तरह प्रथम तल के गर्भगृह का दरवाजा भी स्वर्ण जड़ित किए जाने की तैयारी है।


### वर्ग पहेली-94

**बाएं से दाएं**

1. जिसका संस्कार हुआ हो।
5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।
7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नाज़ुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।
2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।
3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।
4. वह कागज़ जिसपर संपत्ति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।
6. गीदड़ नामक जानवर।



#### वर्ग पहेली -93 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पु | ■ | ■ | 2 चु |
| 3 अ | व | स | रा | नु | कू | ल |
| व | ■ | ■ | भि | ■ | ■ | बु |
| पी | ■ | ■ | ले | ■ | ■ | ल |
| ड़ | ■ | ■ | खा | ■ | 4 वा | ■ |
| न | ■ | 5 ठ | गा | ठ | गी | ■ |
| ■ | 6 दी | ग | र | ■ | श | ■ |

# अनावश्यक कटौती न हो, उपभोक्ता से दुर्व्यवहार पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि बिजली विभाग में कार्यरत अधिकारी हो या कर्मचारी उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि दो घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए, जहां पर भी व्यवधान हो, उसका शीघ्र निराकरण करें। ट्रांसफार्मर के जलने, तार टूटने, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग आदि समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए।

ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में राज्य की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता रहे, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके। साथ ही सभी अधीक्षण और अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रों में जनप्रतिधियों से संवाद कर विद्युत व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त कर विद्युत सुधार के लिए आवश्यक कार्य करे।उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को उप्र. में हर पल विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने के साथ कहा कि अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी प्रयास किए जाए। कहा कि छोटे बकायदारों के कनेक्शन काटने के बजाय बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करें।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है।

#### बिजली उपभोक्ता से गलत वसूली पर होगी कार्रवाई



एके शर्मा ने कहा कि जहां पर भी ट्रांसफार्मर जल्दी-जल्दी जल रहे हैं, वहां ट्रांसफार्मरों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये। असेसमेंट बिलिंग और अधिकारियों व कर्मचारियों में व्यवहारिक सुधार आवश्यक है, ऐसी कोई भी शिकायत न हो, जिसमें किसी भी उपभोक्ता से दुर्व्यवहार या गलत वसूली की गयी हो, ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, प्रबन्ध निदेशक उत्पादन निगम रणबीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सुडोकू-7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | | 9 | | | 4 |
| | | 8 | | | | 1 | 2 | |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | |
| | 2 | 3 | | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | 9 | |
| | | | 9 | 1 | 4 | | | 3 |
| | 8 | 4 | | | | 6 | | |
| 2 | | | 5 | | 6 | | 7 | |

#### सुडोकू - 6 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 15.55 तक तत्पश्चात तृतीया।

#### आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 19.42 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** - आज अधिकारियों के द्वारा आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन का उत्तर भाग आपके लिए शुभ रहेगा। पेपरवर्क में सावधानी रखें। विवाह से जुड़ी परेशानियों का निवारण हो सकता है। धार्मिक विषयों को लेकर आपका रुझान बढ़ेगा।

**वृष** - आज आप काम के बजाय अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आज धर्म-कर्म की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पिता के साथ झगड़ा हो सकता है। अहंकार में आकर किसी को नीचा न दिखाएं।

**मिथुन** - आज किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का आपको फल मिल सकता है। सरकारी अधिकारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। आप परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पाएंगे।

**कर्क** - आज राजनीतिक लोगों को शत्रुओं से भय हो सकता है। चुपचाप शांत होकर अपना समय व्यतीत करें। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। आप जिन पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं, वे भी आपकी विशेष मदद नहीं कर पाएंगे।

**सिंह** - आज जीवनसाथी के साथ की अनबन दूर होगी, किंतु ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। ज्यादा भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में कोई बड़ा ऑर्डर अचानक आपको मिल सकता है।

**कन्या** - आज विवेकपूर्ण निर्णय लेने से आपको काफी सम्मान मिलेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। व्यवसाय में आपको सहयोगियों के ऊपर निर्भर होना पड़ेगा। दीर्घकालिक योजना बनाने के लिए समय काफी अच्छा है।

**तुला** - आज आपका दिन अच्छा रहेगा। विरोधियों के साथ आप संयमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिसके कारण संभव है कि आप किसी फंसे हुए मुद्दे को सुलझा लें। किसी गंभीर विषय को लेकर आज आप सोच-विचार कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज अति आत्मविश्वास में आकर कोई भी त्वरित निर्णय न लें। गुप्त साधनाओं और विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी, लेकिन आपको भटकाव के बजाय अपने मूल कर्म पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संपत्ति निवेश को लेकर आपको ध्यान रखना होगा।

**धनु** - आज आपको स्वजनों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दूरस्थ मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। तकनीकी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आप किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब और व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** - आज कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। लोग आपसे सहयोग लेने की अपेक्षा करेंगे। संतान को लेकर परेशानियां दूर होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप अति आत्मविश्वास में आ सकते हैं। किसी को कमजोर समझने की गलती न करें।

**कुंभ** - आज ऐसे कार्यों से बचें, जो आपका मनोबल गिराते हों। रिश्तेदारों के कारण आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें। आप किताबें पढ़ने में रुचि ले सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** - आज दोस्तों से आपको काफी संबल मिलेगा जिससे आपको नई शुरूआत करने की प्रेरणा भी मिलेगी। आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को सबसे ज्यादा समय देना चाहिए। आपको घूमने भी जाना चाहिए। आप अपनी गलतियों पर गहराई से विचार कर सकते हैं।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 09.54
- चाइना गेट — रात : 07.00

**Sony Pix**
- जॉन विक — दोपहर : 12.00
- द मैकेनिक — रात : 07.34

**&pictures**
- लगान — सुबह : 10.26
- फुकरे 3 — रात : 08.00

**Zee Cinema**
- सर्कस — सुबह : 10.53
- इंटरनेशनल राउडी — शाम : 05.13

**Colors Cineplex**
- डुप्लीकेट — सुबह : 11.19
- ओएमजी 2 — रात : 08.49

#### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर स्थिर होने पर ही नीतिगत कदम पर कर सकते हैं विचार: दास

## एमपीसी की बैठक में बोले आरबीआई गवर्नर, तब तक दरों पर कार्रवाई संभव नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 'आगे के नीतिगत कदम' पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर स्थिर रहने का भरोसा हो। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मुद्रास्फीति दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप लाना केंद्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा-जब तक आरबीआई को मुद्रास्फीति के इस लक्ष्य के नीचे रहने का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक दरों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) पर रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच प्रतिशत पर पहुंच रही है। दास ने कहा-मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए और एक बार यह चार प्रतिशत पर पहुंच जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए।

### फास्टैग, एनसीएमसी में खुद से जमा हो सकेंगे पैसे

ग्राहक जल्दी ही फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), यूपीआई लाइट में राशि तय सीमा से नीचे जाने पर उसमें स्वचालित रूप से पैसा डाले जाने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-मैंडेट रुपरेखा के तहत इन उत्पादों में स्वत: पैसा डालने की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा कि निश्चित अवधि पर होने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट का चलन बढ़ रहा है। इसको देखते हुए फास्टैग, एनसीएमसी आदि में खुद से पैसा डालने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। ई-मैंडेट व्यवस्था के तहत बैंकों को भुगतान के लिए संबंधित ग्राहक के बैंक खाते से निश्चित राशि काटे जाने की अनुमति दी जाती है। दास ने कहा कि ई-मैंडेट के तहत अभी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि वाले भुगतान के लिए तय समय पर ग्राहक के खाते से पैसा स्वयं कट जाता है।

## अप्रैल में घट गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में घटकर 3.87 प्रतिशत रह गई जबकि इस साल मार्च में यह 4.2 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को औद्योगिक श्रमिकों के लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। इस सूचकांक को आधार बनाते हुए सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत तय करती है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा-मार्च महीने के लिए सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 4.20 प्रतिशत रही, जबकि मार्च, 2023 में यह 5.79 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2024 के महीने में मुद्रास्फीति साल भर पहले के 5.09 प्रतिशत की तुलना में 3.87% रही। वहीं फरवरी के महीने में मुद्रास्फीति 4.90% रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.16 प्रतिशत थी।

# तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का कर रहे रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीईएफ की बैठक को वाणिज्य विभाग के सचिव बर्थवाल ने किया संबोधित



वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा-देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,350-55,550 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी में 2,600 रुपये का उछाल, सोना 150 बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 2,600 रुपये के उछाल के साथ 95,900 रुपये प्रति किग्रा पर पहुंच गयी जबकि सोने में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम की मजबूती देखने को मिली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक, लगातार दूसरे दिन मजबूत होता हुआ चांदी आज 2,600 रुपये बढ़कर 95,900 रुपये प्रति किग्रा हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,300 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुआ था। इस बीच, सोने की कीमत 150 रुपये की तेजी के साथ 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी : मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एजेंसी ने कहा-भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम

गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है।

रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। भारत चुनाव समीक्षाः मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया, भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया और कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं।

## 10,000 एफपीओ को सीएससी में बदलने के लिए हुआ समझौता

**नई दिल्ली।** ई-गवर्नेंस सेवा प्रदाता सीएससी एसपीवी और कृषि मंत्रालय ने 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीएससी एसपीवी उन्हें डिजिटल सेवा पोर्टल पर उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। सीएससी एसपीवी तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के बीच आज यहां 10,000 पंजीकृत एफपीओ को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलने और उन्हें नागरिक केंद्रित सेवाएं देने में मदद करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा में हुई धांधली, कोर्ट की निगरानी में हो जांच

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक पोस्ट में कहा-पेपर लीक होने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार की है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया-पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, परिणाम आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? प्रियंका गांधी ने कहा-छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट की उत्तर कुंजी से जुड़ी याचिका पर जानना चाहा एनटीए का रुख

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर कुंजी में दो सही जवाब वाले एक प्रश्न को लेकर शिकायत करने वाली नीट-यूजी अभ्यर्थी की याचिका पर शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति डी.के. शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए के वकील से याचिका पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि परीक्षा में इस प्रश्न का उत्तर नहीं देने वालों को समान अंक दिये जाने चाहिए, जैसा कि दोनों सही उत्तर देने वालों को दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता का सिद्धांत यह प्रावधान करता है कि सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन समान मानदंड पर होना चाहिए और आरोप लगाया कि प्राधिकारों ने दो सही विकल्पों को अंक प्रदान कर निष्पक्षता के साथ समझौता किया, जबकि निर्देशों में स्पष्ट संकेत दिया गया है कि केवल एक विकल्प सही है। अपने अंक पर नकारात्मक प्रभाव को टालने के उद्देश्य से 17 वर्षीय छात्रा व याचिकाकर्ता ने उक्त सवाल का जवाब नहीं दिया और 720 अंकों में 633 अंक और करीब 98 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अखिल भारतीय स्तर पर उसकी रैंक 44,700 के करीब है।

## केजरीवाल की नियमित जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत आवेदन का विरोध किया। एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "गंभीर" आर्थिक अपराधों से जोड़ने के लिए "पर्याप्त सबूत" हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ कई सबूत हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून के लिए निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धन शोधन के अपराध में शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

# मणिपुर के जिरीबाम में एक व्यक्ति की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी**

- राज्य सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सोइबम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने खाली पड़े झोपड़ों में आग लगा कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार रात वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या का विरोध जताने के बाद वहां स्थिति तनावपूर्ण रही। जिरीबाम के जिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया, असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण यहां अशांति फैलने, दंगे भड़कने और मारपीट होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन ने पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र, लाठी-डंडे लेकर चलने...और जिले के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर किसी भी व्यक्ति के अपने निवास स्थान से बाहर घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह बृहस्पतिवार को सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। बताया कि सिंह पर किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था।

## एक नजर

### दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा हरियाणा : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ भी दे तो भी शहर में जल संकट का हल नहीं होगा, क्योंकि हरियाणा ने आने वाले पानी का प्रवाह कम कर दिया है। वजीराबाद बैराज का दौरा कर आतिशी ने जल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा पर आरोप लगाया कि हरियाणा उच्चतम न्यायालय के पीठ पीछे दिल्ली के लोगों के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है।

### हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# राहुल लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैच, बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष : थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिये, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा।

कांग्रेस के निर्वाचित शशि थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले 10 वर्षों में संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह मानने का आरोप लगाया और उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं होगा कि सरकार के सभी निर्णयों के लिए संसद रबर स्टांप होगी।

# केजरीवाल के सहयोगी बिभव की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मामला

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि यदि आरोपी को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कुमार ने दूसरी बार जमानत के लिए अदालत का रुख किया था। न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा-जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी आशंका है क्योंकि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। आवेदक या आरोपी बिभव कुमार के गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है। न्यायाधीश ने याचिका खारिज करते हुए कहा-इसलिए, मुझे वर्तमान जमानत याचिका में कोई दम नजर नहीं आता। कुमार को 31 मई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस बीच कोर्ट ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका की पोषणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

# तरन तारन फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व थाना प्रभारी को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** मोहाली की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पंजाब के तरन तारन जिले में 1993 में एक फल विक्रेता को उसके घर से अगवा करने के बाद फर्जी मुठभेड़ में मार डालने के मामले में पुलिस के एक पूर्व अधिकारी को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने पूर्व थाना प्रभारी (एसएचओ) गुरबचन सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के अलावा तरन तारन शहर के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिलबाग सिंह को भी अपहरण से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 364 के तहत 7 साल की जेल की सजा सुनाई। दिलबाग सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने स्वीकार किया मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी निगम से धन के अवैध हस्तांतरण के आरोपों के बीच नागेंद्र ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। राजभवन की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश की थी। कहा गया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में 87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इसके कर्मचारी चंद्रशेखर पी ने आत्महत्या कर ली थी।

# किसान संघों ने सीआईएसएफ की महिला कर्मी का किया समर्थन

**चंडीगढ़, एजेंसी**

### कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण

- कांस्टेबल कुलविंदर कौर के खिलाफ दर्ज हुआ मामला



कुछ किसान संघों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल का शुक्रवार को समर्थन किया, जिसने अभिनेत्री एवं भाजपा की नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। किसान संघों ने पूरे प्रकरण की उपयुक्त जांच कराने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा उन प्रमुख संघों में शामिल हैं, जिन्होंने सीआईएसएफ की आरोपी महिला कांस्टेबल के प्रति एकजुटता प्रदर्शित की है। वहीं मोहाली पुलिस ने कांस्टेबल कुलविंदर कौर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 341 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों जमानती अपराध हैं।

पुलिस ने बताया कि अब तक इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ की शिकायत पर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कंगना ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई। कांस्टेबल कौर को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बान: कौर

अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित रूप से थप्पड़ मारने वाली केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवान कुलविंदर कौर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नौकरी की फिक्र नहीं है। कुलविंदर कौर ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुझे नौकरी की फिक्र नहीं है, मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बान हैं। इससे पहले एक और ट्वीट में उन्होंने जब बात स्वाभिमान की हो तो नौकरी, ताज, तख्त नहीं देखे जाते। कुलविंदर कौर ने कल कथित रूप से चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को उनकी एक पुरानी टिप्पणी को लेकर थप्पड़ मार दिया था, जिसमें सुश्री रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन पर बैठी महिला किसानों पर सौ-सौ रुपये लेकर धरने पर बैठने का आरोप लगाया था। कंगना रनौत ने घटना के बाद जारी अपने वीडियो बयान में यह टिप्पणी कर फिर विवाद पैदा कर दिया था।



## खेल डायरी

### कारूआना से प्रज्ञाननंदा को मिली मात



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार गए, जबकि विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हैं और उन्होंने हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है। नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गईं।

### प्रदर्शन में सुधार चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**लंदन।** पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे। बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1-4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हरया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1-3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा कि टीम को पता है कि ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

### सिफत ने म्यूनिख विश्व कप में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया। सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था। ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद पांचवें स्थान पर चल रही थी।

# आयरलैंड को कनाडा ने 12 रन से हराया

## 5वें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन से कनाडा ने को दिलाई पहली जीत

**कनाडा ने 7 विकेट पर 137 रन बनाए और आयरलैंड को 7 विकेट पर 125 रन पर रोका**

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

निकोल्स किर्टोन (49) और श्रेयस मोव्वा (37) के बीच पांचवें विकेट के लिए 63 गेंद में 75 रन की बेहतरीन साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कनाडा ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में शुक्रवार को यहां आयरलैंड को 12 रन से हराकर उलटफेर किया। कनाडा ने 7 विकेट पर 137 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 7 विकेट पर 125 रन पर रोककर टी-20 विश्व कप में अपनी पहली और टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दूसरी जीत दर्ज की। टी-20 विश्व कप में दो दिनों में यह दूसरा उलटफेर है। पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को अमेरिका ने उलटफेर किया था और अब कनाडा की आयरलैंड पर जीत के बाद यह ग्रुप रोमांचक हो गया है। आयरलैंड की यह दूसरी हार है। कनाडा की दो मैचों में यह पहली जीत है। टीम इसके साथ ही ग्रुप अंक तालिका में अमेरिका और भारत के बाद तीसरे स्थान पर है।

आयरलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते समय 59 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन मार्क एडेर (34) और जॉर्ज डोकरेल (नाबाद 30) ने सातवें विकेट के लिए 41 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर मैच को रोमांचक बनाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। कनाडा के लिए जेरेमी गोर्डन और डिनोल हेलिंगर ने दो-दो विकेट लिए। जुनैद सिद्दीकी और साद बिन जफर को एक-एक सफलता मिली। पिछले मैच में अमेरिका के खिलाफ 31 गेंद में 51 रन बनाने वाले किर्टोन एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए, लेकिन उन्होंने 35 गेंद में 3 चौके और 2 छक्के लगाकर टीम की मैच में वापसी कराई। कनाडा की टीम नौवें ओवर में 53 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में थी, लेकिन मैन ऑफ द मैच किर्टोन और विकेटकीपर मोव्वा ने मुश्किल पिच पर टीम को संघर्षपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मोव्वा ने आखिरी गेंद पर रन आउट होने से पहले 36 गेंद में 3 चौके जड़े। आयरलैंड के लिए क्रेग यंग और बैरी मैकार्टी ने दो-दो विकेट लिए जबकि एडेर और गैरेथ डेलनी को एक-एक सफलता मिली।

कनाडा के गेंदबाजों ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पावरप्ले में आयरलैंड के बल्लेबाजों को आक्रामक होने का मौका नही दिया। शुरुआती 5 ओवर में टीम बिना विकेट गंवाए 25 रन ही बना सकी। रन गति को तेज करने की कोशिश में कप्तान पॉल स्टर्लिंग (9 रन) हवा में ऊंचा शॉट खेल बैठे और विकेट के पीछे मोव्वा ने कैच लपकने में गलती नहीं की। इसी ओवर में एंडी बलबर्नी ने पहला चौका लगाया, लेकिन अगले ओवर में सिद्दीकी ने उनकी 19 गेंद में 17 रन की पारी को खत्म कर दिया। साद बिन जफर ने हैरी टेकटर (7) को पवेलियन भेजा तो वहीं लोर्कन टकर (10) रन आउट हो गए। हेलिंगर ने अपने अगले दो ओवर में कुर्टिस कैंफर (4) और गेराथ डेनली (3) का विकेट चटकाकर आयरलैंड की मुश्किलें बढ़ा दी।

महज 59 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद डोकरेल और एडेर ने कुछ ओवरों तक संभल कर खेला। आयरलैंड को आखिरी 5 ओवरों में 64 रन की जरूरत थी और डोकरेल ने 16वें ओवर में सिद्दीकी के खिलाफ चौका और छक्का लगाया तो वही एडेर कलीम सना के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा टीम के रनों का शतक पूरा किया। इन दोनों ओवरों में 14-14 रन बनाकर टीम ने मैच में वापसी की। एडेर को इसके बाद किस्मत का साथ मिला और 19वें ओवर में सना के खिलाफ दो बार गेंद बल्ले का किनारा लेकर चार रनों के लिए चली गयी। आखिरी ओवर में आयरलैंड को 17 रन की जरूरत थी और गोर्डन ने अपनी ही गेंद पर एडेर का कैच लपक कर कनाडा के खेमे में जोश भर दिया। आयरलैंड के बल्लेबाज इसके बाद बाउंड्री नहीं लगा सके। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने में कनाडा को भी अच्छी शुरुआत नहीं मिली। नवनीत धालीवाल (छह) ने जोश लिटिल के खिलाफ चौका लगाया लेकिन तीसरे ओवर में एडेर का शिकार बन गये। दूसरे छोर से आरोन जॉनसन (14) ने लिटिल के खिलाफ लगतार गेंदों पर चौका जड़ने के बाद क्रंग यंग की गेंद पर कैंफर को कैच दे बैठे। परगट सिंह ने बैरी मक्कार्थी के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका जड़कर पावर प्ले में टीम के स्कोर को दो विकेट पर 37 रन तक पहुंचाया। उनकी 14 गेंद में 18 रन की पारी यंग ने लिटिल के हाथों कैच कराकर खत्म किया।



न्यूयॉर्क के वेस्टबरी में नासाउ काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड को मैच हराने के बाद जश्न मनाते कनाडा के खिलाड़ी। ● एजेंसी

नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये लेग स्पिनर डेलनी ने दिलप्रीत सिंह (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। किर्टोन और मोव्वा ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया। मोव्वा ने 13वें ओवर में यंग के खिलाफ दो चौके लगाने के दौरान 26 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। किर्टोन ने यंग के खिलाफ 15वें ओवर की आक्रामक तेवर दिखाते हुए शुरुआती दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर एक रन लेकर मोव्वा के साथ 44 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने आखिरी गेंद पर एक और छक्का जड़ इस ओवर से 18 रन बटोरे। मैकार्टी ने 19वें ओवर में किर्टोन को आउट करने के बाद हेलिंगर को खाता खोले बिना चलता कर ओवर में दो विकेट झटके। मोव्वा ने आखिरी ओवर में चौका लगाया लेकिन अंतिम गेंद पर रन आउट हो गये।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या



**न्यूयॉर्क।** हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के आगामी मुकाबले को 'जंग' की तरह नहीं देखते लेकिन भारतीय हरफनमौला उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करने को बेताब हैं जिसके खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर रविवार को होगी और पंड्या चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली सफलता दोहराना चाहेंगे।

**रविवार को भिड़ेंगे भारत पाकिस्तान**

पंड्या ने कहा कि मैं बड़े मैचों में खेलने को लेकर काफी रोमांचित रहता हूं। मुझे यह बहुत खास लगता है और पाकिस्तान ऐसी टीम है जिसके खिलाफ मैंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ छह टी20 मैच खेलकर 84 रन बनाए, लेकिन 7.5 की इकॉनॉमी रेट से 11 विकेट भी लिये हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि यह कोई जंग नहीं है, एक मैच ही तो है। भारत और पाकिस्तान के मैच हमेशा से रोमांचक होते रहे हैं। जज्बात का सैलाब उमड़ता है लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हम अनुशासित प्रदर्शन करेंगे और एक ईकाई के रूप में अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अगर ऐसा कर सके तो एक और दिन अच्छा होगा।

# थाईलैंड ओपन में लक्ष्य सेन की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता, एजेंसी**

स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।



इंडोनेशिया के जकार्ता के इस्तोरा स्टेडियम में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य सेन।

# भारतीय तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में जीते 4 पदक

**सुवोन, एजेंसी**

भारतीय तीरंदाजों ने तीरंदाजी एशिया कप 2024 स्टेज 3 में दो रजत और दो कांस्य समेत चार पदक जीते। दक्षिण कोरिया के सुवोन आयोजित स्पर्धा में शुक्रवार को भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी और मिश्रित टीमों ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय महिला कंपाउंड टीम में कुमुद सैनी, माया बिश्नोई और तेजल साल्वे की तिकड़ी फाइनल में सिम सूइन, पार्क जुंगयून और पार्क येरिन की दक्षिण कोरियाई टीम से 234-232 से हार गई। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को और क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया को हराया था। कंपाउंड मिश्रित टीम के फाइनल में भारत की कुमुद सैनी और मानव जाधव दक्षिण कोरिया के सिम सूइन और कांग डोंगह्योन से 157-155 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची थी।



वहीं पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में मानव जाधव, गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु और कुशल दलाल ने चीनी ताइपे के हान टिंग लिन, चेंग एन काओ और हाओ-एन लू को 236-229 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया से हारने से पहले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को हराया था। भारत की रिकर्व महिला तीरंदाजी टीम ने प्लेऑफ में उज्बेकिस्तान को 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। भार्गवीबेन भगोरा, बसंती महतो और 14 वर्षीय शारवरी सोमनाथ शेंडे ने ज़ियोदाखोन अब्दुसत्तोरोवा, निलुफर हमरोएवा और ओमिना एर्गाशोवा की विपक्षी टीम को शिकस्त दी।

# सिनर को हराकर अल्काराज फाइनल में

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यानिक सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचे। वह 21 साल की उम्र में तीन अलग-अलग सतह पर ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले स्पेन के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं।

अल्काराज ने 2022 में हार्ड कोर्ट पर यूएस ओपन में घासियाले कोर्ट पर विंबलडन जीता था और अब रोलां गैरो में लाल मिट्टी पर चैंपियनशिप के लिए खेलेंगे। रविवार को होने वाले फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड में से कोई एक होगा। अल्काराज ने सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज की। सिनर ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी स्थिति में थे, लेकिन अल्काराज के ड्रॉप शॉट और कर्लिंग लॉब्स का सिनर के पास कोई जवाब नहीं था। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर ने ग्रैंड स्लैम में 13-0 के रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। वह इस हार के बावजूद अगले सप्ताह जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पर पहुंच जाएंगे।



पेरिस के रोलैंड गैरोस स्टेडियम में इटली के जानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अलकराज।

### जैसमीन पाओलिनी फ्रेंच ओपन फाइनल में



**पेरिस।** इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रीवा को 6.3, 6.1 से हराकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। पाओलिनी ने कहा कि ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है। अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैम्पियन इगा स्वियातेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरूष एकल फाइनल में पहुंच जायेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सिनेर चाहें जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जायेंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6.2, 6.4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

# मायूस होने की जरूरत नहीं है हम अब भी दौड़ में : स्टिमक

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उनकी टीम को कुवैत के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाइंग मैच गोलरहित ड्रॉ रहने पर निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम अभी भी तीसरे दौर की दौड़ में बनी हुई है।

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम ने निराश किया। छेत्री ने अपने 19 साल के करियर में 151 मैचों में 94 गोल दागकर विदा ली। स्टिमक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम अभी भी दौड़ में हैं। अगले पांच दिन में पूरी कोशिश करूंगा कि टीम में यह आत्मविश्वास पैदा कर सकूं कि हम कतर को हरा सकते हैं। यह



छोटी सी आशा है लेकिन है और हमें खुद पर भरोसा करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब एशियाई दिग्गज कतर से 11 जून को खेलना है। वहीं कुवैत की टीम अफगानिस्तान से खेलेगी। भारत को हर हालत में हार से बचना होगा। कोच ने छेत्री का आखिरी मैच देखने बड़ी तादाद में आये दर्शकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की तारीफ करनी होगी जो बड़ी तादाद में आये। हम नतीजे से निराश है। मैच कठिन था और उन्होंने बेहतर शुरूआत की। हमें लय पकड़ने में समय लगा।

# वुशु के साथ खेलो इंडिया महिला लीग का चौथा सत्र शुरू

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया महिला लीग का 2024-25 संस्करण 10 जून को कर्नाटक के बागलकोट में दक्षिण क्षेत्र वुशु लीग के साथ शुरू होगा। इसमें सांडा और ताओलू स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 300 एथलीट भाग लेंगे। इसमें आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और ओडिशा के वुशु खिलाड़ी भाग ले सकते है।

लीग में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पर्धाओं के शीर्ष आठ वुशू एथलीटों में 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। राष्ट्रीय वुशू मुख्य कोच कुलदीप हांडू ने कहा, "खेलो इंडिया महिला लीग ने वुशू को राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़ावा दिया है और तीनों डिवीजनों सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर की महिला एथलीट इससे लाभान्वित हो रही हैं।

**टी-20 विश्वकप** | न्यूजीलैंड को मिला है कठिन ग्रुप सी, जिसमें दो बार की चैंपियन मेजबान वेस्टइंडीज जैसी टीमें शामिल

# न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

**प्रोविडेंस, एजेंसी**

न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है। कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है।



**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व : बेन सियर्स। **मैच : सुबह पांच बजे से।**

## विलियमसन ने की अफगानिस्तान के गेंदबाजों की प्रशंसा

**प्रोविडेंस (गयाना)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि अफगानिस्तान के पास टी20 विश्व कप में खेल रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। न्यूजीलैंड के टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इस प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक केवल एक मैच खेला गया है। विलियमसन ने कहा कि निश्चित तौर पर उनके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं। उनके पास इस प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है। अफगानिस्तान के पास कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद के रूप में चोटी के स्पिनर हैं।



विलियमसन आईपीएल में राशिद खान के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि हमने फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में देखा कि अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी उसमें खेलते हैं और उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। उन्हें निरंतर शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। हमने पिछले विश्व कप में देखा था कि वनडे में उनकी टीम कितनी अच्छी है। उनकी टीम बेहद कुशल है और कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपी भारत को सौंपा

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल ने पिछले महीने कोलकाता में हुई बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार की सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।

- **अवामी लीग के सांसद 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे**

सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के बाद नेपाल भाग गए हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी सांसद के परिचित द्वारा 18 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे लेकिन 17 मई को उनसे संपर्क नहीं हो सका। अनार की स्थानीय न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# वीआईपी अहम, ऐसे तय होती है सुरक्षा व्यवस्था



भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या फिर अन्य गणमान्यों को जेड+, जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी जाती है। यह सुरक्षा कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रदान की जाती है जिनमें एसपीजी, एनएसजी, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जैसी एजेंसी शामिल हैं। इस सुरक्षा को लेने के लिए सरकार को एप्लीकेशन देनी होती है, इसके बाद खुफिया एजेंसी व्यक्ति को होने वाले खतरे का अंदाजा लगाती हैं और उसके बाद ही सुरक्षा तय की जाती है। गृह सचिव और डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन सी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद व्यक्ति का विवरण औपचारिक मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दिया जाता है।

## अधिकांश सेलेब्रिटी को मिलती है जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी में 22 कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। यह दिल्ली पुलिस या आईटीबीपी या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की जाती है। उदाहरण के लिए योग गुरु रामदेव और कई अभिनेताओं को जेड सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्य के सीएम को जेड+ सुरक्षा

जेड प्लस भारत में सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें 10 प्लस एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों सहित 55 कर्मियों का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध में विशेषज्ञ होता है। देश में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कुछ अन्य लोग शामिल हैं।

## यह होती है सिक्योरिटी सिस्टम की प्रक्रिया

यदि किसी व्यक्ति को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलती है, तो उसे पूरे देश में सुरक्षा मिलेगी, इसके लिए एक तंत्र है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेड श्रेणी की सुरक्षा में एनएसजी या सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियां तैनात होती हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति राज्य से बाहर जाता है, तो उसके साथ कुछ ही कमांडो जाते हैं। बाकी सुरक्षा प्रदान करना उस विशेष राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन, इसके लिए वीआईपी को राज्य में दौरे की पूर्व सूचना देनी होगी। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था कभी उजागर नहीं की जाती है।

## वाई श्रेणी में आठ और एक्स श्रेणी में दो सुरक्षा कर्मी तैनात

वाई श्रेणी में आठ सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 2 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। इसमें दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्रदान किए जाते हैं। भारत में इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले लोगों की संख्या काफी हैं। वहीं एक्स श्रेणी में दो कर्मियों (कोई कमांडो नहीं, केवल सशस्त्र पुलिस कर्मी) का सुरक्षा कवर होता है। यह एक पीएसओ द्वारा प्रदान किया जाता है।

## एक नजर

### रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

**मॉस्को।** रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है। रूस में भारतीय दूतावास ने कहा वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र – दो लड़के और दो लड़कियां – रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।

### अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात संबोधन की तारीख तय की।

### फिलेमोन यांग संरा महासभा के नये अध्यक्ष



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग को अपना नया अध्यक्ष चुना है। मीडिया रिपोर्टों के श्री यांग सितंबर में शुरू होने वाले महासभा के 69वें सत्र की अध्यता करेंगे। महासभा के आगामी सत्र की थीम और उनका मुख्य संदेश 'विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास तथा हर जगह सभी के लिए मानवीय सम्मान' है।

### बाइडन ने जेलेंस्की से माफी मांगी

**पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। पेरिस डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए। इस मौके पर बाइडन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं।

# हूती विद्रोहियों ने संरा के 9 कर्मियों को बनाया बंधक

## इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में बनाया निशाना

दुबई, एजेंसी

यमन में हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के नौ कर्मचारियों को बंधक बना लिया। बंधक बनाए गए लोगों में यूएन ह्यूमन राइट्स एजेंसी, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के स्टाफ और यूएन के स्पेशल एम्बेसडर के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति भी शामिल है। इसके अलावा बंधक बने एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है।

हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। बंधक बनाए गए कर्मचारियों के मामले में संयुक्त राष्ट्र ने तत्काल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। माय्यून ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने बंधक बनाए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की पहचान की है, अन्य सहायता समूहों के नाम भी बताए हैं जिनके कर्मचारियों को हूतियों द्वारा उनके नियंत्रण वाले चार प्रांतों- अमरान, होदेदा, सादा और साना में बंधक बनाया गया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अमेरिका ने हूतियों पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके लिए वह उनके राजस्व स्रोतों को अवरुद्ध करेगा।



मध्य गाजा में इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें।

### मध्य गाजा में इजराइली हमलों में 18 लोगों की मौत

**यरूशलम।** मध्य गाजा में गुरुवार देर रात इजराइल के हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 18 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पहले, एक स्कूल परिसर पर किए गए हमले में 33 लोग मारे गए थे, जहां विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी।

### ठोस ईंधन वाली फिलिस्तीनी मिसाइल का प्रक्षेपण

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन कर प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है। विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फिलिस्तीनी मिसाइल दागी।

# ब्लड सैंपल बदलने वाले डॉक्टर व बिचौलिए को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे कार हादसा**

**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने 19 मई के पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को ससून अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्यप्रदेश के रहने वाले दो आईटी पेशेवरों की उस दिन तड़के कल्याणी नगर में उस समय मौत हो गई, जब उनकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर नशे में धुत्त एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी। ससून अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनौर, अतुल घटकांबले और अमर गायकवाड़ को जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सभी अरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोवड़े, हलनौर एवं घटकांबले पर किशोर के माता-पिता के साथ मिलकर रक्त के नमूनों को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गायकवाड़ ने आरोपी डॉक्टरों और किशोर के पिता के बीच बिचौलिये के रूप में काम किया था। जांच अधिकारी (आईओ) सुनील तांबे ने अदालत को बताया कि गायकवाड़ और एक अन्य कथित बिचौलिये अशफाक मकानदर की पुलिस हिरासत 10 जून को समाप्त हो रही थी, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद से गायकवाड़ की मजिस्ट्रेट हिरासत रिमांड (एमसीआर) की मांग की जा रही है।

# केन्या से हिमालय पहुंचीं ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आसपास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई हैं।

बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगनफ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में है। अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई हैं। हिमालयी क्षेत्र में इनका प्रवास 15 से 20 दिनों का रहता है। इस दौरान इसकी यह पीढ़ी यहां ( भारत ) में अंडे देगी और मर जाएगी।

इसके बाद अंडों से निकलने वाली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएंगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वहीं मर जाएंगी। वहां उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां वह अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रुख करते हैं और फिर वहां अंडे देंगे। इसी चक्र के तहत ड्रैगनफ्लाई फिर भारत पहुंचेंगी। इस तरह यह ड्रैगनफ्लाई चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं।

### अमूर फाल्कन से ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंध



अमूर फाल्कन बाज परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसाहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है।



"दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगनफ्लाई भी इसी प्रजाति की है। लेकिन, दक्षिण भारत की यह ड्रैगनफ्लाई माइग्रेट नहीं करती है। –पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान

# इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल का उदाहरण दिया



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया।

राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष गुरुवार को अपनी पेशी के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष ने अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उन्हें प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की। न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

# मोदी और लाई की बातचीत सिर्फ शिष्टाचार : अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- **विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे सवाल का दिया जवाब**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं। मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं।

### चीन की निंदा की

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनके बीच ट्वीट्स के आदान-प्रदान का विरोध करने पर चीन की निंदा की।

# अंतरिक्ष में झूम उठीं सुनीता विलियम्स

ह्यूस्टन, एजेंसी

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने जैसे ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रवेश किया, वह खुशी से झूमती और नाचती नजर आईं। अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करते ही अमेरिकी नौसेना की परंपरा के अनुसार घंटी बजाकर उनका स्वागत किया गया।

विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। रास्ते में आई कुछ नई समस्याओं को दूर करने के बाद यह संभव हो पाया। विलियम्स (58) ने बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा की और उन्होंने एवं विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया। विलियम्स इस परीक्षण उड़ान की पायलट हैं जबकि 61 वर्षीय विल्मोर इस मिशन के कमांडर हैं।



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सुनीता विलियम्स। • एजेंसी

- **अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करते ही अमेरिकी नौसेना ने घंटी बजाकर उनका स्वागत किया**

### शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण लहराते दिखे बाल

नीले रंग की वर्दी पहने विलियम्स शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण उनके बाल ऊपर की ओर लहराते दिखते हैं। विलियम्स ने कहा हमारे पास एक और परिवार है, जो बहुत बढ़िया है।

# चीन-पाकिस्तान ने सामरिक सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

बीजिंग, एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को दोनों देशों के बीच सामरिक सहयोग को प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा की। दोनों देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नजर बनाए हुए हैं, जिनके शपथ ग्रहण समारोह में दक्षिण एशिया के पड़ोसी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होंगे। पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश होगा, जिसका नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगा।

संयोग से, भारत-पाकिस्तान संबंधों में सुधार के समर्थक माने जाने वाले शहबाज शरीफ के बड़े भाई और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 2014 में मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर हुए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। शी ने शरीफ के साथ अपनी बैठक के दौरान मजबूत चीन-पाकिस्तान के बीच मजबूत संबंधों और दोनों देशों के बीच सदाबहार सामरिक साझेदारी के विकास की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की। दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह शरीफ की पहली चीन यात्रा है।



चीन के राष्ट्रपति से मिलते पाकिस्तान के प्रधानमंत्री।

## बॉलीवुड हलचल

### पति, पत्नी और पड़ोसी लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे दर्शकों के लिए गेम्स नाइट थीम पर आधारित एक दिलचस्प एपिसोड लेकर आएगा, जिसमें फन टास्टिक कॉमेडियन गैग्स और मज़ेदार वन-लाइनर्स के साथ प्रफुल्लित करने वाले गेम खेलेंगे। जाने-माने कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, सागर करांडे और हेमांगी कवि टीम बनाकर अपना अनूठा गैग पति, पत्नी और पड़ोसी पेश करने वाले हैं, जिसमें हेमांगी पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जो अपने पति के लिए स्वादिष्ट खाना लेकर आती है, जिसकी भूमिका सागर ने निभाई है। जैसे ही वे अंदर जाने वाले होते हैं, उनका तंग करने वाला पड़ोसी, जिसका किरदार परितोष ने निभाया है, बिन बुलाया मेहमान बनकर आ जाता है। यह दंपत्ति अपना खाना छुपाने और उसे घर से बाहर निकालने के लिए बड़े मज़ेदार तरीके से संघर्ष करते हैं। जैसे ही पड़ोसी को छुपी हुई दावत का पता चलता है, हंगामा मच जाता है, जिससे जोड़े को हास्यास्पद तरीके से उसका पीछा करना पड़ता है! परितोष त्रिपाठी ने कहा, लोगों के जीवन में झगड़ालू पड़ोसी काफी परेशान करने वाली हकीकत है।

### वरुण धवन की फिल्म जुग-जुग जियो का बनेगा सीक्वल!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग-जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। जुग-जुग जियो में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। जुग-जुग जियो 2 पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे। निर्देशक राज मेहता के साथ राइटर्स की एक टीम ने इस मूवी की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में कर सकते हैं।

### 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा बिग बॉस ओटीटी 3

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 ,जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रीमियर के लिए तैयार है। इस बार सलमान खान शो की मेजबानी नहीं करेंगे। अनिल कपूर शो को होस्ट करने जा रहे हैं। शो की लॉन्चिंग डेट का खुलासा कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। अनिल कपूर ने इस शो को लेकर कहा है कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं। लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और रोमांचक प्रयास करना। मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना अधिक लाने जा रहा हूं।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को आश्चर्यजनक मान रहे हैं वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुई खोज

# यह ग्रह तारे के करीब होने के बावजूद बनाए हैं वजूद

अमृत विचार, नैनीताल

वैज्ञानिकों ने दूर गगन में एक ऐसे ग्रह की खोज की है, जो अपने सूर्य के बेहद करीब होने के बावजूद वातावरण का वजूद बनाए हुए है। खोजे गए इस ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया है। इस खोज को वैज्ञानिक आश्चर्यजनक बता रहे हैं। इस ग्रह का स्वामी रेड जायंट स्टार है। इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे हैं। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह ग्रह सिग्नस तारामंडल में मौजूद है, जो हमसे 1,810 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसके तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है। यह ग्रह हर 4.2 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी करता है। इस बाहरी ग्रह की दुनिया खगोलविदों की सोच से आश्चर्यजनक रूप से छोटी, पुरानी और बेहद गर्म है। यह दुर्लभ एक्सोप्लैनेट की श्रेणी में आता है । अपने मेजबान तारे के बहुत करीब और बहुत अधिक गर्म होने के बावजूद, इसका वातावरण बरकरार है। मगर अभी तक इसका कारण पता नहीं लग सका है। इसका आकार पृथ्वी से 6.2 गुना बड़ा है। बुध व सूर्य की दूरी की तुलना में अपने तारे से लगभग 6 गुना अधिक करीब है। यह भीषण तापमान के साथ तप रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लगभग 100 मिलियन वर्ष में इसकी मौत हो जाएगी।

### पृथ्वी के वातावरण को समझने में मददगार होगी यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बाहरी ग्रह के जरिए पृथ्वी के भविष्य के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। जब हमारा सूर्य अंत समय में फैलना शुरू होगा, तो उसके ताप में पृथ्वी का वातावरण गायब होना शुरू हो जाएगा। जिस कारण इस खोज को पृथ्वी के भविष्य के साथ जोड़ा जा रहा है।

- **ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया**
- **इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे, तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है**



तारे का बेहद नजदीकी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर। • अमृत विचार